Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 19 | रविवार, 19 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आयुष्मान भारत को लेकर जेपी नड्डा ने कही ये बात

# 'पीएम मोदी का 2025 तक टीबी खत्म करने का लक्ष्य'


**अहमदाबाद।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के छह करोड़ नागरिक आ चुके हैं। यह बीमा कार्यक्रम अब भारत की 45 प्रतिशत आबादी को कवर करता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल अक्टूबर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी थी। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में हमने आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के छह करोड़ लोगों को जोड़ा है। अब 62 करोड़ से अधिक लोग या देश की 45 प्रतिशत से अधिक आबादी स्वास्थ्य बीमा में नहीं बल्कि पांच लाख रुपये की वार्षिक कवरेज वाली स्वास्थ्य आश्वासन योजना के तहत कवर की गई है। आइआइएम अहमदाबाद में आयोजित आइआइएम-ए हेल्थकेयर समिट 2025 में उन्होंने इस योजना की तारीफ करते हुए कहा कि इससे 4.2 करोड़ से अधिक नागरिकों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि ये गरीब लोग हैं। इनमें रिक्शा चालक, रेहड़ी-पटरी वाले, बस चालक, कंडक्टर, लिफ्टमैन, सुरक्षा गार्ड, नाई, मोची आदि शामिल हैं। कहा कि पीएम मोदी ने 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। एआइ व एक्स-रे उपकरणों के उपयोग के माध्यम से इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**एआइ के उपयोग से इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के हो रहे प्रयास**



## सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार, मुंबई पुलिस ने ठाणे से पकड़ा





**मुंबई।**

अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के आरोप में बांद्रा पुलिस ने रविवार को आरोपी हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। हमलावर की उम्र करीब 24 साल की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी का नाम मोहम्मद आलियान उर्फ बीजे है और मोहम्मद आलियान ने ही 16 जनवरी को सैफ के घर में घुसकर उन पर हमला किया था। मुंबई पुलिस ने अपने बयान में कहा कि सैफ अली खान पर हमला मामले में आरोपी को ठाणे से गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, हमलावर वर्ली में रहता था और तटरक्षक बल के पास स्थित एक पब में काम करता था। कथित तौर पर उसने वहां चोरी की, इसलिए मालिक ने उसे नौकरी से निकाल दिया। मुंबई पुलिस ने सैफ अली खान के हमलावर को ठाणे के कसार वडावली में एक रेस्तरां के पास से गिरफ्तार किया। डीसीपी, ज्वाइंट सीपी और सीपी समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। ऑपरेशन में 100 से अधिक अधिकारी शामिल थे। आगे की जांच के लिए आरोपी को मुंबई लाया जाएगा, पहचान और सत्यापन प्रक्रिया लंबित रहेगी। अभिनेता सैफ पर 16 जनवरी की रात को हमला किया गया था और उन्हें चाकू से छह घावों के साथ लीलावती अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन किया और सर्जरी के बाद उनकी हालत में सुधार हो रहा है।

## कैबिनेट बैठक की तैयारियों की करेंगे समीक्षा

# मुख्यमंत्री योगी आज प्रयागराज में, मौनी अमावस्या करेगें स्नान

**महाकुंभ नगर (प्रयागराज)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को महाकुंभ नगर में 22 जनवरी को प्रस्तावित कैबिनेट की बैठक तथा 29 जनवरी को होने वाले मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वह शंकराचार्य समेत अन्य संतों से मिलेंगे और आयोजन की बाबत सुझाव लेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को महाकुंभ नगर में 22 जनवरी को प्रस्तावित कैबिनेट की बैठक तथा 29 जनवरी को होने वाले मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वह शंकराचार्य समेत अन्य संतों से मिलेंगे और आयोजन की बाबत सुझाव लेंगे। वह विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर अरैल में अपराह्न करीब 12 बजे उतरेगा। वहां से परमार्थ निकेतन शिविर में जाएंगे और स्वामी चिदानंद मुनि से मुलाकात करेंगे। इसके बाद पर्यटन प्रदर्शनी, ओडीओपी, वाक थ्रू गैलरी, पुलिस गैलरी, संविधान गैलरी का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दिन में करीब डेढ़ बजे आईसीसीसी में मौनी अमावस्या तथा कैबिनेट की बैठक की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री इस बाबत भी तैयारियों को परखेंगे। इसके बाद वह सेक्टर सात में एनसीजेडसीसी पवेलियन का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री सेक्टर नौ स्थित कार्षिणी आश्रम में स्वामी गुरुशरणानंद से भेंट करेंगे। इसी क्रम में सेक्टर 17 में आचार्य बाड़ा के अध्यक्ष और मंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सेक्टर 17 में ही स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती से मुलाकात करेंगे और मेला आयोजन की बाबत सुझाव लेंगे। इसके बाद करीब सवा पांच बजे वह बमरौली एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना होंगे। उधर, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए जिला एवं मेला प्रशासन की ओर से देर रात तक तैयारी की जाती रही।



### कई मंत्री रहेंगे मौजूद

रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार के मंत्री भी रहेंगे। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर सुबह 11 बजे आएंगे और अरैल में सेनिटेशन कॉलोनी में कंबल आदि वितरित करेंगे। वह कन्वेंशन हाल में सफाई कर्मियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह संगम स्नान करेंगे। मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ समीक्षा बैठक में भी शामिल हो सकते हैं। इनके साथ प्रदेश सरकार में नगर विकास मंत्री एके शर्मा भी मौजूद रहेंगे। नगर विकास मंत्री शनिवार को ही पहुंच गए तथा सफाई एवं बिजली विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया।

## खुद को माफिया अतीक का करीबी बताकर मांगी 50 लाख की फिरौती

**नगर (प्रयागराज)।** खुल्दाबाद निवासी संजय कुमार सिंह से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि खुद को माफिया अतीक का करीबी बताकर आरोपियों ने जमीन छोड़ने के एवज में रुपये की मांग की है। खुल्दाबाद निवासी संजय कुमार सिंह से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि खुद को माफिया अतीक का करीबी बताकर आरोपियों ने जमीन छोड़ने के एवज में रुपये की मांग की है।

एयरपोर्ट थाना पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को शिकायत में संजय कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने पीपल गांव निवासी भगौती ने साल 1993 में 15 हजार में जमीन रजिस्टर्ड इकरारनामा लिखवाकर दे दिया।

## कांग्रेस ने लगाया आरोप तो शिवराज सिंह ने किया पलटवार

# बोले- कर्नाटक सरकार ने नहीं किया केंद्र से आवंटित धन का उपयोग

**बेंगलुरु।** केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा आवंटित धन का उपयोग नहीं किया है। केंद्र सरकार द्वारा धन आवंटन में भेदभाव करने के कांग्रेस के आरोप के बारे में उन्होंने कहा, "मैं यहां कर्नाटक में हूं और धन की पेशकश कर रहा हूं। कर्नाटक सरकार ने अनुरोध नहीं किया है, लेकिन मैंने फिर भी धन की घोषणा की है।"

हमारा ध्यान विकास और लोगों के कल्याण की राजनीति पर- शिवराज



उन्होंने कहा, "हमारा ध्यान विकास और लोगों के कल्याण की राजनीति पर है। केंद्र सरकार की कई योजनाएं हैं जिनके तहत कर्नाटक सरकार ने आवंटित धन का उपयोग ही नहीं किया है। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं बताना चाहता।" उन्होंने राज्य सरकार को समय पर धन का उपयोग करने और उसका प्रमाण पत्र जमा करने की अपील की। चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अतिरिक्त 4.68 लाख मकानों को मंजूरी दी है। यह केंद्र द्वारा मूल रूप से स्वीकृत 2.57 लाख मकानों के अतिरिक्त है। उन्होंने कर्नाटक सरकार से आवास परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की। सीमा क्षेत्र विकास योजना के तहत कर्नाटक के लिए 97 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे।

### कर्नाटक में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव जल्द

कर्नाटक में भाजपा के आंतरिक चुनाव प्रभारी चौहान ने कहा कि नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का चुनाव जल्द होगा। 'हम बूथ स्तर के नेताओं के चुनाव भी कराते हैं।

# हरनंदीपुरम के लिए चिह्नित गांव से हटवाया अतिक्रमण

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** हरनंदीपुरम योजना के लिए चिह्नित गांवों का शनिवार को जीडीए वीसी अतुल वत्स ने टीम के साथ दौरा किया। मोरटा और आसपास के गांवों में हो रहे अवैध निर्माण पर उन्होंने नाराजगी जताई और जोनल अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एक अवैध निर्माण पर तीन बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। हरनंदीपुरम योजना 501 हेक्टेयर में विकसित की जा रही है। इसमें हरित क्षेत्र, आधुनिक आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जीडीए वीसी ने कहा कि अवैध निमार्णों और अव्यवस्थित शहरीकरण को रोकने के लिए जीडीए दृढ़ है। हरनंदीपुरम योजना को गाजियाबाद के विकास का एक मॉडल बनाया जाएगा। अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध निमार्णों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनता को भी इस दिशा में जागरूक होने की आवश्यकता है।




# अपदस्थ राष्ट्रपति यून सूक येओल की औपचारिक गिरफ्तारी का आदेश

**सियोल।**

दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सूक येओल को महाभियोग विवाद के बीच गिरफ्तार कर लिया गया। सियोल की अदालत ने सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका के कारण उनकी गिरफ्तारी की अनुमति दी। दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सूक येओल को महाभियोग विवाद के बीच रविवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

मार्शल लॉ लागू करने के मामले में बुधवार को यून के आवास पर कानून प्रवर्तन एजेंसी ने व्यापक अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें शनिवार को सियोल की एक अदालत में पेश किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें उनके घर पर गिरफ्तार किया गया। सियोल की अदालत ने सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका के कारण उनकी गिरफ्तारी की अनुमति दी। उन पर दिसंबर में किए गए उनके कार्यों के लिए विद्रोह का आरोप लगाया गया। खबर है कि जबतक जांच जारी रहेगी तबतक उन्हें लंबी अवधि के लिए हिरासत में रखा जा सकता है। बता दें कि महाभियोग का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून ने शनिवार को सियोल की एक अदालत के समक्ष अपनी रिहाई के लिए दलील पेश की। दूसरी तरफ अदालत ने इस बात पर विचार किया कि उनकी औपचारिक गिरफ्तारी के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसी के अनुरोध को स्वीकार किया जाए अथवा नहीं। यून के वकील ने दी थी जानकारीसुनवाई के बाद यून के वकीलों ने बताया कि करीब पांच घंटे तक बंद कमरे में चली सुनवाई के दौरान राष्ट्रपति ने न्यायाधीश के समक्ष करीब 40 मिनट तक अपनी दलील पेश की।



# छह हफ्ते का संघर्ष विराम आज सुबह से, इस्राइली सेना पीछे हटेगी

**यरूशलम।**

इस्राइल और हमास के बीच छह हफ्ते तक चलने वाला संघर्ष विराम रविवार सुबह 8.30 बजे से लागू होगा। इसके तहत हमास पहले चरण में 33 बंधकों को रिहा करेगा और बदले में इस्राइल 700 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। इस्राइल के मंत्रिमंडल ने शनिवार को गाजा संघर्ष विराम समझौते को मंजूरी दे दी है। छह हफ्ते तक चलने वाला संघर्ष विराम रविवार सुबह 8.30 बजे से लागू होगा। इसके तहत हमास पहले चरण में 33 बंधकों को रिहा करेगा और बदले में इस्राइल 700 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। इस समझौते से दोनों पक्ष अपने सबसे घातक व विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करने के एक कदम और करीब पहुंच जाएंगे। इस्राइली मंत्रिमंडल की बैठक यहूदी सब्बाथ की शुरूआत के बाद हुई, जो मौके के महत्व को दशार्ता है। यहूदी कानून के अनुसार इस्राइली सरकार आमतौर पर जीवन-मृत्यु के आपातकालीन मामलों को छोड़कर सब्बाथ में सभी काम रोक देती है। सब्बाथ का अर्थ होता है सप्ताह का सातवां दिन। यह शुक्रवार शाम से शनिवार शाम तक यहूदियों व कुछ ईसाइयों की तरफ से विश्राम व पूजा के दिन के रूप में मनाया जाता है। कैबिनेट में संघर्ष विराम का फैसला आठ के मुकाबले 24 वोटों से किया गया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक विशेष कार्य बल को गाजा से लौटने वाले बंधकों को लेने के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया और कहा कि उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है कि समझौता हो गया है।



## संपादक की कलम से

### शांति के लिये समझौता

यह सुखद ही कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल–हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे कुछ राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों की बार–बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दीबाजी होगी। हालांकि, अक्तूबर, तेईस में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते–पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है। दरअसल, हालिया समझौते में इस्राइली सेना की गाजा से वापसी, चरणबद्ध तरीके से इस्राइली बंधकों व फलस्तीनी कैदियों की रिहाई और गाजा में पुनर्निर्माण पर सहमति बनी है। इसके साथ ही गाजा के विस्थापितों को वापस लौटने की अनुमति भी दी जाएगी। अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी।

# न सुशासन, न रोजगार, सिर्फ फ्रीबीज की बौछार





राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावों के समय मतदाताओं के लिए एक से बढ़कर एक 'फ्रीबीज' की जो बौछारें हो रही हैं, वह वोटर्स को 'रिश्वत' नहीं तो और क्या है, इसे समझना जरूरी है! वहीं, जिन राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी वायदों के अनुपालन में कोताही बरती, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए, यह भी स्पष्ट नहीं है! इसलिए वायदे करो और फिर मुकर जाओ या फिर आधे-अधूरे पूरे करो, कोई पूछने वाला नहीं है! तभी तो राजनीतिक दलों की बल्ले-बल्ले है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का शोर मचा हुआ है, इसलिए इस फ्रीबीज की चर्चा पुनः आवश्यक है, ताकि मतदाता जागरूक हो सकें।

कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी 'तलाक' ले लेती है! और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार 'गला मरोड़ने' में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं।

चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र का बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यहां भी वह मतदाता दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा, सवर्ण-गरीब सवर्ण, आदिवासी-अल्पसंख्यक, महिला-पुरूष, युवा-बुजुर्ग, किसान-मजदूर, कामगार या पूंजीपति आदि इतने खानों में विभाजित है कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति अक्सर सफल होती आई है।

शायद इसलिए जनता, सरकार और सुशासन के मुद्दे गौण पड़ जाते हैं और फ्रीबीज की चर्चा घर-घर पहुंचकर चुनावी खेल कर देती है। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि सुशासन से लेकर रोजगार के मोर्चे पर विफल हो चुकीं जनतांत्रिक सरकारों के द्वारा जिस तरह से फ्रीबीज की घोषणाएं की जा रही हैं, क्या यह देश की आर्थिक व्यवस्था यानी अर्थव्यवस्था के लिहाज से उचित है या फिर अनुचित है? यदि अनुचित है तो इससे बचने का रास्ता क्या है?

देखा जाए तो कबीलाई युग से लोकतांत्रिक सरकार तक मनुष्य की पहली जरूरत शांति और सुरक्षा है, ताकि वह मेहनत करते हुए अपना जीवन निर्वाह कर सके और इस देश-दुनिया को बेहतर बनाने में अपने हिस्से का योगदान दे सके। हालांकि, ऐसे सुशासन की गारंटी न तो तब मिली थी और न अब मिली हुई है। शासक-प्रशासक बेहतर हो तो क्षणिक सुख-शांति संभव है, अन्यथा जलालत ही मानवीय सच है।

याद दिला दें कि एक जमाने में जो राजनीतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती दर कटौती करते चले गए कि राजकोषीय घाटा को पाटना है! और अब उन्हीं के द्वारा जब फ्रीबीज की वकालत हो रही है तो इस सियासी तिकड़म को समझना भी दिलचस्प है। चाहे संसदीय चुनाव हो या विधान मंडलीय चुनाव, या फिर स्थानीय चुनाव, होने तो 5 साल में ही हैं। इसलिए जैसे तैसे चुनावी वायदे करके सरकार बना लो, इसी घुड़दौड़ में सभी राजनीतिक दल जूटे हुए हैं।

अब लोगों की दिलचस्पी न तो आजादी के तराने सुनने में है, न ही हिंदुत्व की माला जपने में। समाजवाद से लेकर वामपंथ तक अपने ही राजनीतिक हमाम में नंगे हो चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस विरोधी 'सम्पूर्ण क्रांति' की सफलता-विफलता के लगभग चार दशक बाद हुई दूसरी कांग्रेस विरोधी 'अन्ना हजारे क्रांति' की सफलता से उपजी आम आदमी पार्टी ने जो फ्रीबीज की सियासी लत लगाई और दिल्ली से पंजाब तक कांग्रेस-भाजपा का सफाया कर दी, उससे दोनों पार्टियों ने शुरूआती आलोचनाओं के बाद आप के सियासी एजेंडे को ही अपनाने में सफलता पाई। हिमाचल प्रदेश से कर्नाटक तक कांग्रेस की विजय और हरियाणा से उड़ीसा तक भाजपा की जीत इसी बात की साक्षी है। यही वजह है कि भाजपा नीत एनडीए, आप नीत संभावित तीसरा मोर्चा और कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में एक-दूसरे को मात देने के लिए अपने-अपने फ्रीबीज के सियासी घोड़े खोल रखे हैं। वह भी तब, जब करदाताओं की ओर से इसकी खुलेआम आलोचना हो रही है। वहीं, आपने देखा-सुना होगा कि केंद्र सरकार की अटपटी नीतियों पर सर्वोच्च न्यायालय तक ने टिप्पणी की, कि आखिर 80 करोड़ लोगों को आप कबतक मुफ्त या फिर कम कीमत पर अनाज देंगे। ऐसे में उन्हें आप रोजगार क्यों नहीं दे देते! कोर्ट की यह टिप्पणी जायज है और प्रशासन यदि चाहे तो उसके लिए यह मुश्किल भी नहीं है।

वहीं, आम आदमी पार्टी ने अनुमन्य यूनिट तक फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री और किफायती शिक्षा व स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, लक्षित वर्गों को अलग-अलग नगद आर्थिक मदद आदि जैसी जो चुनावी-प्रशासनिक रवायतें शुरू की है, और अब उन्हीं की देखा-देखी कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों में भी इस नीतिगत मुद्दे पर आपाधापी मची हुई है, यह नीति एक नए आर्थिक और अर्थव्यवस्था के संकट को जन्म दे सकती है। इसलिए इसको हतोत्साहित करने के लिए मतदाताओं को ही आगे आना होगा, अन्यथा यह नीति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक कैंसर साबित होंगे। डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये भी तो इसी बात की चुगली करते हैं। आपने देखा-सुना होगा कि सरकार ने उद्योगपतियों के इतने के कर्जे माफ कर दिए, या फिर इतनी की सब्सिडी इन-इन धंधों/पेशों में दी जा रहीं हैं। इसी तरह से सरकार ने किसानों के इतने के कर्जे माफ कर दिए और इन-इन चीजों पर इतनी सब्सिडी दे रही है। इसी तरह से समाज के विभिन्न वर्गों को भी लुभाने के लिए सरकार कुछ न कुछ देकर दानी-दाता बनी हुई है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकार सबको सुशासन क्यों नहीं दे रही है? सड़कों पर इंसान सुरक्षित क्यों नहीं है? चाहे खेती हो या कारोबार, चोरी और लूट की बढ़ती फितरत से उद्यमी व मेहनतकश वर्ग परेशान है। वहीं, डिजिटल धोखाधड़ी और प्रशासनिक तिकड़मों का तो कहना ही क्या है? बेहतर पुलिसिंग आज भी यक्ष प्रश्न है। वहीं, राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधनों पर सरकार और उसके पूंजीपति मित्रों का बढ़ता कब्जा, भूमि और मौद्रिक संसाधनों के असमान बंटवारे की नीति, समान मताधिकार से इतर विभिन्न कानूनी असमानताएं समाज और व्यवस्था को निरंतर खोखला करती जा रही हैं। इससे पूंजीपतियों की जमात, उनके शागिर्द, प्रशासनिक हुक्मरान और उसकी पूरी चेन, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की फौज और उनके करीबी लोग तो हर तरीके से मस्त हैं, लेकिन आमलोगों की फटेहाली पर तरस खाना स्वभाविक है। जिनके पास कुछ पूंजी-पगहा, मकान-दुकान या खेती योग्य जमीन या फिर छोटी-मोटी निजी या सरकारी नौकरी है, वह तो किसी तरह गुजर-बसर कर लेते हैं, लेकिन जो न शिक्षित हैं, न संसाधनों से लैस, उनकी बेचारगी देखते ही बनती है।

ऐसे में सबको समान शिक्षा और योग्यता के मुताबिक रोजगार देने की सरकारी नीति आखिर कब आकार लेगी, ज्वलंत प्रश्न है। वहीं, न तो सबके लिए जनस्वास्थ्य सुनिश्चित है और न ही सुविधाजनक परिवहन। गरीबी हटाओ और रोटी-कपड़ा-मकान का नारा भी टांय-टांय फिस्स हो चुका है। सबको शिक्षा-स्वास्थ्य-सम्मान की सामाजिक न्याय वाली बात भी पूंजीपतियों के एजेंडे की दासी बन चुकी है। यह सब इसलिए कि भले ही सरकार अपने नागरिकों के लिए विभिन्न राष्ट्रीय समानताओं की बात करती है, लेकिन असमान कानूनों को गढ़कर वह ही सबसे ज्यादा सामाजिक विभेद भी पैदा कर रही है।

सवाल है कि उसका लोकतंत्र आखिर पूंजीपतियों का संरक्षक क्यों बना बैठा है। क्या फ्रीबीज का लॉलीपॉप थमाकर पूंजीपति सभी राष्ट्रीय संसाधनों पर काबिज हो जाएंगे, फिर उसके बाद लोगों को बाबाजी का ठुल्लू थमा देंगे, यही उनकी योजना है। यदि यही न्यू वर्ल्ड आर्डर है या फिर ग्लोबल पैटर्न तो फिर समाज के प्रबुद्ध वर्ग को सावधान हो जाना चाहिए। क्योंकि दलितों और पिछड़ों के लोकलुभावन वोटिंग पैटर्न के चक्कर में सबसे ज्यादा समाज का माध्यम वर्ग ही पिसेगा, यही नई त्रासदी है। - कमलेश पांडेय

लक्ष्मीनारायण सेन



स्वारथ

कविता

तोर मोर करत करत चलत ये संसार।
तेकर सेति नफरत के चलते हे बजार।।

तोर मोर करत करत बटावत हे परिवार।
स्वार्थ मा भाई भाई जान लेबर? हे तैयार।।

घर के अंगना मा खींचावत हाबे दीवार।
मर्जी ले नइ हो पावै एपार आउ ओपार।।

लालच मे काकर बदल जही व्यवहार।
काकर मुड़ मा हो जाही मौत हा सवार।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी



ललित गर्ग







यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरूआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे।

युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है।

हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।

अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फिलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस युद्ध मसले का हल कूटनीति और आपसी बातचीत से ही निकालने के प्रयास किये जाने की आवश्यकता भारत लगातार व्यक्त करता रहा है। युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते हुए दोनों ही देशों को दिशा-दर्शन देते रहे हैं। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन में भी युद्ध-विराम की अपेक्षा है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। जब तक रूस के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

# भाजपा प्रदेश मंत्री पूनम बजाज के मुख्य अतिथि में बीजेपी कार्यालय पर आयोजित जिला गोष्ठी

वेलकम इंडिया



**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार)।** भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में गौरव संविधान अभियान के उपलक्ष्य में जिला गोष्ठी आहूत हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री भाजपा उ0प्र0 पूनम बजाज रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि संविधान गौरव अभियान भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव स्वरूपी अभियान है। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र भारतीय संविधान के माध्यम से ही चलता है इस संविधान को बनाने में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अमूल्य योगदान है।

संविधान में आमजन को दिए हुए अधिकारों से देश का प्रत्येक व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है बाबा साहेब ने संविधान की रचना इस प्रकार से की कि हमारा संविधान विश्व का सबसे मजबूत संविधान है, बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित किया, कांग्रेस पार्टी के विभाजक एजेंडे से राष्ट्र की रक्षा करने में भी उनका अहम योगदान था, पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने बाबा साहेब को लगातार अपमानित किया है, कांग्रेस की इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहेब को भारत रत्न नही मिला न ही पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में उनका चित्र लग पाया, आपातकाल और सामाजिक विभाजन की राजनीति, कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब और उनकी धरोहर को अपमानित करने के कांग्रेसी एजेंडे के उदाहरण है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हाथरस अंजुला सिंह माहौर ने बताया कि भाजपा ने हमेशा बाबा साहेब और उनकी धरोहर को सम्मानित किया है, भाजपा के समर्थन के फल स्वरूप ही 1990 में उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया गया, सिकंदराराव विधायक वीरेन्द्र सिंह राणा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को वोट की ताकत दिलाकर भारत के संबिधान को विश्व का सर्वोत्तम संबिधान बनाने का निर्माण किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने अपने अध्यक्षीय उद्धबोधन में बताया कि भाजपा सरकार ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को पंचतीर्थ में बदल दिया है जो सामाजिक न्याय की दिशा में काम करने के लिए प्रेरणा देता रहेगा, इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस की शुरूआत की, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 का निरसन, सबका साथ, सबका विकास, मूलमंत्र से सामाजिक उत्थान, पंचतीर्थ के निर्माण के माध्यम से श्रद्धांजलि और समान नागरिक संहिता के समर्थक के रूप में उनकी दृष्टि को कार्यान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक जिला मंत्री हरीश सेंगर रहे एवं कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हरिशंकर राना ने कियो कार्यक्रम के समापन के बाद कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा उ०प्र० पूनम बजाज एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने जरुरतमंदो को कम्बल वितरित किये।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री डौली माहौर, प्रीती चौधरी, राधारमन अग्रवाल, महेन्द्र सिंह आचार्य, सत्यपाल मदनावत, सुनील गौतम, अविनाश तिवारी, रामवीर सिंह परमार, रामकुमार माहेश्वरी, भूपेन्द्र कौशिक, तपन जौहर, मुकुल गुप्ता, सचिन दीक्षित, स्मृति पाठक, गजेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार, सूरज शाह, अंकुश गौड़, आकाश सिंह, अरुण चौधरी, प्रदीप शर्मा, योगेश कुमार, मूलचन्द वार्ष्णेय, नीरेश कुमार सिंह, शिवदेव दीक्षित, दीपक उपाध्याय, जीतेन्द्र कुमार, गुरदीप निरंकारी, केडी गौतम, संदीप शाह, महेश वर्मा, वासुदेव माहौर, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शेड्स ऑफ इंडिया मैगजीन के दसवें संस्करण का हुआ शानदार विमोचन

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** सार्ट व राज फाउंडेशन की ओर से दिल्ली के गोदावरी आडिटोरियम में इंडिया की मोस्ट फैबुलस मैगजीन शेड्स ऑफ इंडिया के दसवे संस्करण का शानदार विमोचन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड सहित राजनीतिक, धार्मिक, शैक्षिक आदि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी उत्तर भारत की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ बॉलीवुड के मशहूर एक्टर सुरेंद्र पाल सिंह, मोटू पतलू के रचियता हरविंदर मांकर, फेमस ब्रांड हाउस ऑफ चिकिन कारी से पूनम रावल, चिश्तिया सूफी मिशन के चैयरमेन यासिर गुरदेजी, फेमस इन्फ्लुएंसर अंशिका गोयल, अब्या प्रोडक्शन से योगेश मलिक, राज फॉउंडेशन से सोनिया राणा व शेड्स ऑफ इंडिया की डायरेक्टर सविता अरोड़ा एवं राखी तंवर द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस मौके पर कल्याण ट्रस्ट के बच्चो द्वारा गणेश वंदना पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली ब्लिंग्स क्लब की फाउंडर प्रेसिडेंट माधवी गुप्ता, इंदु तोमर, रविकांत शर्मा, एकता शर्मा, रेखा वोहरा, जसबीर कौर, गोल्डी रंधावा, अनिल कटोच, गौतम कपूर, यशपाल सिंह, मधु सूदन सोनी सहित सभी मेहमानो का स्वागत शेड्स ऑफ इंडिया की डायरेक्टर सविता अरोड़ा एवं राखी तंवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शेड्स ऑफ इंडिया मैगजीन के कवर पेज पर छाये चिश्तिया सूफी मिशन के चैयरमेन यासिर गुरदेजी के पोस्टर का अनावरण किया गया। इस मौके पर शेड्स ऑफ इंडिया मैगजीन द्वारा सोशल कॉज को लेकर मिस एंड मिसेज प्रतियोगिता भी हुई, जिसमे पहले महिलाओ ने रैंप वाक करते हुए ग्लैमर का तड़का लगाया, वही मॉडल्स ने भी रैम्प वॉक करते हुए स्लम मॉडल बच्चों के साथ जलवा बिखेरा। वही कुछ मॉडल्स ने जोड़े के साथ रैंप वॉक भी की। इस प्रतियोगिता की जूरी रही रुचिका कपूर व डॉ मोनिका ने विजेताओं की घोषणा की। इस प्रतियोगिता की मिसेज कैटेगरी की विजेता गुरुग्राम की रश्मि सोनी रही और हिमाचल कांगड़ा की वर्षा मिस कैटेगरी की विजेता रही। इस मौके पर शेड्स ऑफ इंडिया ने अपने 2025 का कैलेंडर भी लॉन्च किया। इस सफल कार्यक्रम को लेकर शेड्स ऑफ इंडिया की डायरेक्टर सविता अरोड़ा व राखी तंवर ने सभी का धन्यवाद किया। नेशनल अवार्डी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत ने सार्ट द्वारा किये जा रहे।

# करोड़ों का घोटाले में तहसीलदार और लेखपाल समेत 28 लोगों पर एफआईआर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के छह संस्थानों के पदाधिकारियों द्वारा करोड़ों रुपये का ऋण हासिल कर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का मामला सामने आया है। इस मामले में एंटी करप्शन ने एक तहसीलदार सहित कुल 28 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की जांच में खुलासा हुआ कि गायत्री, सगीर, सीमा, स्वास्तिक, शुक्ला गुड़ खांडसारी और जेएमडी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने फर्जी भूमि अभिलेख और अन्य दस्तावेजों का उपयोग कर सरकारी योजनाओं से अनुचित लाभ लिया। इन संस्थानों के 22 पदाधिकारी इस घोटाले में शामिल पाए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि तहसील और अन्य विभागीय कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी का सही निर्वहन नहीं किया और उन्होंने फर्जी दस्तावेजों को सत्यापित कर कुछ लोगों को गलत तरीके से लाभ पहुंचाया है।

यह मामला त्रिस्तरीय समिति की प्रारंभिक जांच में उजागर हुआ, जिसके बाद मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने मामले को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) को सौंप दिया है। अब इस मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है, और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की प्रारंभिक जांच में नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार, लेखपाल नाजिम मिया, रागिनी वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, विशाल सेठ, चंद्रकाश शर्मा, तकमील अहमद, सगीर अहमद, तबस्सुम, इलियास खां, आफताब बेगम, मौ. वासिम खां, बरकत अली, मनोज कुमार, रूपेश कुमार, अंशु जौहरी, मालती शुक्ला, अतुल कुमार शुक्ला, आलोक शुक्ला, धर्म प्रकाश शुक्ला, मौ. रफीक, ममता साहनी, बलवीर सिंह, जहीर खां, मौ. अख्तर हुसैन, मौ. शरीक, महेंद्र कुमार, महेश चंद्र के नाम सामने आये हैं।

## पीआरवी 5997 द्वारा मारपीट/विवाद में घायल 03 महिलाओं को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 5997 को थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत सिसवा फतहुल्लाह से कालर द्वारा मारपीट/विवाद में घायल 03 महिलाओं (1.सरिता पुत्री श्रीराम 2. गीता पुत्री श्रीराम 3.सती पत्नी दिनेश निवासीगण सिसवा फतहुल्लाह के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी आ0 भरत कुमार सोनी, आ0 इन्द्रजीत वर्मा, हो0चा0 उमेश यादव ने घटनास्थल पर समय से पहुँचकर दुर्घटना में घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से इलाज हेतु सी0एच0सी0 सेमरियावा भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया।

# पुलिस ने धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों से मानक के विपरीत पाये गये लाउडस्पीकर उतरवाए

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के नेतृत्व में उ0प्र0 शासन के निदेर्शों के क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर-ध्वनि विस्तारक यंत्रों की चेकिंग की गई तथा मानक के विपरीत पाये गये लाउड स्पीकर-ध्वनि विस्तारक यंत्र के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने एवं अनुमति से लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि को मानक के अनुरूप रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर यंत्रों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर मानक से अधिक ध्वनि पाए जाने वाले लाउडस्पीकरो को हटवाया गया। इसी क्रम मे समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों द्वारा मय पुलिस फोर्स के अपने झ अपने क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर बिना अनुमति के लगे लाउडस्पीकरों के सम्बन्ध में धर्मगुरूओं से वार्ता कर उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शों से अवगत कराया गया तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार अधिकतम निर्धारित ध्वनि सीमा सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में धर्मगुरूओं द्वारा शासन के आदेशों का स्वागत करते हुए स्वयं अपने धार्मिक स्थलों पर अवैध-अधिक संख्या में लगे लाउडस्पीकरों को हटाया गया एवं सभी धर्म गुरूओं द्वारा इस बात का आश्वासन दिया गया कि धर्म स्थलों पर ध्वनि की मात्रा मानक के अनुरूप ही रखते हुए कम करके इस स्तर तक रखा जायेगा, जिससे लाउडस्पीकर से निकलने वाली ध्वनि धर्म स्थल के परिसर तक ही सीमित रहें।

## दबंगों ने गोलबन्द एक राय होकर जमीनी विवाद को लेकर मारपीट कर किया घायल

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार की शाम में दुधारा थाना क्षेत्र के गांव सिसवा फतहुल्लाह में जमीनी विवाद को लेकर गोलबंद, एक राय होकर लगभग आधा दर्जन लोगो ने दरवाजे पर आकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने मुकामी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव सिसवा फतहुल्लाह निवासिनी किस्मती देवी पत्नी श्रीराम ने मुकामी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि प्रार्थिनी अनुसूचित जाति चमार है। दिनांक 17 जनवरी की शाम 5.30 बजे जमीनी विवाद को लेकर सुनीता देवी पत्नी राम छैल शर्मा, गोविन्द पुत्र राम छैल शर्मा, अर्चना, वंदना पुत्री गण राम छैल शर्मा गोलबंद एक राय होकर लाठी डंडा लेकर मेरे दरवाजे पर आए, गंदी गंदी गाली देने लगे। गाली देने से मना की तो लात मूका, लाठी डंडे से मारने पीटने लगे।

# पं० दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना को न मानने वाले पर होगी कार्रवाई

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना को लेकर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा० पूजा यादव ने बताया है कि पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत शासन द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों तथा उनके आश्रित परिजनों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का प्राविधान किया गया है जोकि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवकों की नियमावली में निहित नियमों के अधीन संचालित है। समस्त निजी चिकित्सालय जोकि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुडे हुए हैं, वह स्वतः ही ग़पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना से भी जुड़े हैं।

इसके अंतर्गत पेंशनर्स संगठनों, योजना के लाभार्थियों तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों से संज्ञान में आया है कि विभिन्न जनपदों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना से जुड़े कुछ चिकित्सालयों द्वारा 'पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के लाभार्थियों को उपचार देने में से मना किया जा रहा है एवं उनके साथ व्यवहार भी अच्छा नहीं किया जा रहा है। यह अत्यन्त खेदजनक है, साथ ही साथ योजना से सम्बन्धित शासनादेश का उल्लघंन भी है। इसी को लेकर सभी योजना से जुड़े चिकित्सालयों को निर्देशित किया जाता है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े समस्त निजी चिकित्सालय ग़पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के लाभार्थियों को समुचित उपचार देना सुनिश्चित करें एवं राज्य के सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों तथा उनके आश्रित परिजनों के लिए संचालित इस योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए जागरूक करने का कार्य भी करें। अन्यथा की दशा में, यदि किसी चिकित्सालय द्वारा ग़पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के लाभार्थी को इलाज देने से मना किया जाता है या उनसे किसी प्रकार की नगद धनराशि ली जाती है तो यह समझा जाएगा कि चिकित्सालय आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना/पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में कार्य करने का इच्छुक नहीं है, ऐसी दशा में उस चिकित्सालय की मान्यता समाप्त करने की नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## नाले के निर्माण से मिलेगी जल भराव से मुक्ति

**बुलंदशहर।** पहासू क्षेत्र स्थित थाना परिसर के आगे जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा 10 लाख की लागत से एक सो पेंतीस मीटर नाले निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ जिसका शुभारम्भ शनिवार को जिला पंचायत सदस्य मनोज शर्मा और थाना प्रभारी रामफल सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया इसके निर्माण से थाना पहुंचने वाले पीड़ितों को जल भराव से मुक्ति मिलेगी जिसमें बनैल, पहासू, नगला बिजलीघर, दीघी आदि ग्रामीणों को भी जलभराव से छुटकारा मिलेगा, मौके पर नरेश राणा, अनिल सूर्यवंशी, सुशील, विक्रम सिंह, भगवत सिंह, राजवीर सिंह, आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिला मुख्यालय से दूरस्थ प्राथमिक विद्यालय उद्यमस्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता देखी। तथा बच्चों के साथ सवांद किया। शनिवार को जिलाधिकारी ने उद्यमस्थल प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा मध्याह्न भोजन रजिस्टर, कक्षावार बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में छात्रों के नैतिक विकास की व्यवस्था पंजिका को चेक किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों की स्कूली शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा पर भी बल दिया जाना चाहिए। कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेल गतिविधियों में सम्मिलित कर उन्हें प्रेरित किया जाय। वही आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को वहां आठ बच्चे उपस्थित मिले।

उन्होंने स्कूल में मिड-डे मील को भी चेक किया निर्धारित मेनू अनुसार मिड-डे मील देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता के साथ साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट, प्रधानाध्यापक सहित अध्यापक गणेश चंद्र पाठक, सहित अन्य राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## रोटी बनाते समय रोटियों में थूकने वाले मुस्लिम समाज के दो युवक गिरफ्तार

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले में नगर पालिका के समीप होटल चला रहे मुस्लिम समाज के युवकों पर तंदूर में रोटी बनाते समय उसमें थूकने का वीडियो शोशल मीडिया में वायरल हुआ था, जिसके बाद मामले में हिंदूवादी संगठनों में आरोपियों के खिलाफ उबाल आ गया था। वही हिंदूवादी संगठनों ने वायरल वीडियो के आधार पर हिन्दू धर्म की आस्था को चोट पहुचाने जबरन जूठा खिलाकर हिन्दू धर्म की सँस्कृति को अपमानित करने का आरोप लगाया था। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द विगाड़ने वालो के विरुद्ध बीएनएस की धारा 196 (1)/274/299 में मुकदमा दर्ज कर आमिर व फिरासत को गिरफ्तार कर लिया।। पुलिस ने आरोपी आमिर पुत्र शौकत अली निवासी टांडा बादली जिला रामपुर उत्तरप्रदेश व फिरासत पुत्र लियाकत निवासी टांडा बादली जिला रामपुर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# घरौनी के बन जाने से होंगे कई फायदे: राम करण शर्मा



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां के गांव दरियाबाद में ग्राम पंचायत सचिव देवप्रताप सिंह

की मौजूदगी में ग्रामीणों में घरौनी का वितरण किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सेमरियावां ब्लाक के गांव दरियाबाद स्थित पंचायत भवन में ग्राम पंचायत सचिव देवप्रताप सिंह ने ग्रामीणों में घरौनी का वितरण किया। इस दौरान ग्रामीणों को घरौनी प्रदान किया गया।

लेखपाल राम करण शर्मा ने कहा कि घरौनी योजना के तहत गांव के सर्वे के आधार पर घरों का स्वामित्व तय करना था, जिसके बाद उस व्यक्ति के नाम पर दस्तावेज तैयार होने थे। घर का दस्तावेज होने की दशा में जरूरतमंद अपनी जमीन के कागज के आधार पर जरूरत के अनुसर बैंक से ऋण भी ले सकते हैं। इस योजना का फायदा यह होगा कि गांवों में संपत्तियों पर कब्जे को लेकर झगड़े-फसाद में कमी आएगी। गांव के लोग अपने मकान की घरौनी को बंधक रखकर बैंक से अपनी जरूरतों के लिए कर्ज ले सकेंगे।

इस अवसर पर लेखपाल राम करण शर्मा, पंचायत सहायक सुहेल अहमद, रोजगार सेवक लाल चंद राव, अहमदुल्लाह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वामित्व कार्ड वितरण योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाने में भी मदद करती है: अनीस अहमद

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** शनिवार को विकास खंड सेमरियावा के गांव कोहरियावा में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण मौजूद रहे।

सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के गांव कोहरियावा में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनीस अहमद ने कहा कि यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाने में भी मदद करती है। इस कार्ड के माध्यम से गांव के लोग बैंक ऋण पा सकते हैं। योजना से संपत्ति से संबंधित विवाद कम हुए हैं। स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करती है। भूमि स्वामित्व एक जटिल सामाजिक संस्था है जो भूमि, जल निकायों और जंगलों जैसी संपत्तियों के संबंध में लोगों के बीच संबंधों को नियंत्रित करती है। इसका कानूनी या प्रथागत आधार हो सकता है, या दोनों हो सकते हैं। ग्रामीण गरीबों के लिए भूमि तक पहुँच अक्सर मालिकाना हक के बजाय प्रथा पर आधारित होती है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रहमतुल्लाह, ग्राम पंचायत सचिव देवप्रताप सिंह शशिकान्त श्रीवास्तव, अरविन्द, काजल आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में अध्यापक तापते रहे आग, नहीं पहुंचे छात्र-छात्रा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** शीतकालीन अवकाश के बाद शनिवार को एक बार फिर से परिषदीय विद्यालय पूर्व की भांति बच्चों के लिए खुल गए लेकिन अधिकांश विद्यालयों में बच्चों की संख्या दो चार से अधिक नहीं हो पाई। शुक्रवार को चिलचिलाती धूप निकलने के कारण शनिवार को जनपद का पारा एक दम से नीचे लुढ़क गया, हालांकि सुबह की सर्दी के बाद दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत तो जरूर मिली, लेकिन शीतकालीन हवा अपनी रफ्तार से ही चलती रही। इससे पहले अध्यापकों ने शनिवार को सुबह उठते ही सबसे पहले अध्यापकों के ग्रुपों को देखना शुरू किया कि कहीं प्रशासन या शासन स्तर से कोई अवकाश तो घोषित नहीं किया गया है जब उन्हें कोई अवकाश की सूचना कहीं से नहीं मिली तब अध्यापकों ने विद्यालय का रुख करना शुरू कर दिया, अध्यापक तो समय से विद्यालय पहुंच ही गए, लेकिन शीत लहर और कड़कड़ाती हुई ठंड में बच्चों के अभिभावकों ने अपने बच्चों को विद्यालय की तरफ भेजना उचित नहीं समझा। नतीजन शनिवार को अधिकांश विद्यालयों में छात्र संख्या उम्मीद से भी कम नजर आई।

शनिवार को शासन के निर्देश पर विधिवत विद्यालय खोले गए और बच्चे भी आए, लेकिन बहुत कम संख्या में! इस लिए एक साथ बच्चों को स्मार्ट क्लास में बैठाकर स्मार्ट टीवी के माध्यम से शिक्षाप्रद बाल फिल्म दिखाई गई, शेष अध्यापकों ने सुबह से ही कड़ी सर्दी के बावजूद गांव में जाकर जनसंपर्क किया, और संख्या बढ़ाने का प्रयास किया। लेकिन अभिभावक बच्चों को भेजने में आनाकानी करते मिले। हम सभी शिक्षकों का प्रशासन से अनुरोध है कि जब तक मौसम सही नही हो जाता तब तक विद्यालय में बच्चों के लिए समय परिवर्तन किया जाए, साथ ही उपस्थिति में शिथिलता प्रदान की जाए। इस विपरीत समय विद्यालय में 80 प्रतिशत उपस्थित की बाध्यता न थोपी जाए। **-लाल बहादुर गंगवार, प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर।**

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्वामित्व योजनान्तर्गत संपत्ति कार्ड/घरौनी वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** केबिनेट मंत्री(मत्स्य पालन विभाग) उ0प्र0 डॉ0 संजय निषाद की अध्यक्षता में जनपद में स्वामित्व योजनान्तर्गत संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अमर राय, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती जनक नंदिनी, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

केबिनेट मंत्री की अध्यक्षता में स्वामित्व योजना अंतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को केबिनेट मंत्री, विधायक, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों, एवं घरौनी के लाभार्थियों एवं ग्रामीण जनों द्वारा देखा एवं सुना गया। तत्पश्चात केबिनेट मंत्री व विधायक मेंहदावल ने घरौनी के लाभार्थियों को घरौनी कार्ड (संपत्ति कार्ड) का वितरण किया गया। जनपद में आज केबिनेट मंत्री, विधायक एवं जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा मेंहदावल तहसील के 05 लाभार्थियों सहित जनपद के तीनों तहसीलों में 42539 लाभार्थियों को सम्पत्ति कार्ड (घरौनी) वितरित किया गया। जनपद में इस प्रकार से आज तक 70 हजार से अधिक लाभार्थियों को स्वामित्त कार्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम में मा0 केबिनेट मंत्री डॉ0 संजय निषाद जी द्वारा लाभार्थियों व ग्रामीण जनों को स्वच्छता व नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना को पंचायती राज मंत्रालय, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एसओआई) के संयुक्त प्रयासों से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना से जहां एक तरफ ग्रामीणजनों के भूमि विवाद संबंधी विवादों का समाधान होगा वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत की भूमि का स्पष्ट मानचित्र प्राप्त होगा, जिससे गांव के आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को बनाना आसान होगा।देश प्रदेश मा0 मोदी जी एवं मा0 योगी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है 70 सालों में बहुत सरकारे आयी परन्तु कमजोर एवं उपेक्षित लोगो बरारब की कड़ी में जोड़ने का कार्य वर्तमान सरकार द्वारा ही किया जा रहा है। यह योजना कमजोर लोगो के लिए वरदान साबित हो एवं महिलाओं मालिकाना हक भी दिलायेगा। मा0 मंत्री जी द्वारा जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के नेतृत्व में जनपद के विकास की सराहना की गयी।

इस अवसर पर विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि लाभार्थियों को घर के मालिकाना हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। घर का मालिकाना हक/वैध प्रपत्र मिलने से अब किसी प्रकार का झगड़ा आदि नहीं हो सकेगा तथा जरूरत के समय में लोगो को ऋण भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। किसानों, महिलाओं, युवाओ, गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गयीं हैं जिनका लाभ सभी को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया।

# गंगेरू में दबंगों के हमले से दंपति घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में एक दंपति के साथ दबंगों ने जमकर मारपीट की परिजनों ने घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल दंपति ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सुभाष ने बताया कि गांव के ही कई लोगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए उसकी भूमि एवं चकरौड पर कब्जा कर रखा था। पीड़ित ने अपनी भूमि और चकरौड को कब्जा मुक्त कराने के लिए उप जिलाधिकारी कैराना को एक लिखित में शिकायती पत्र दिया था।

उप जिलाधिकारी के आदेश पर गत दिवस शुक्रवार को नायब तहसीलदार राहुल सिंह कानूनगो एवं लेखपाल सहित पुलिस टीम के साथ पीड़ित की शिकायत पर जांच करने के लिए पहुंचे थे। टीम ने जांच के दौरान दबंगों द्वारा भूमि एवं चकरौड पर कब्जा पाया था टीम पैमाइश कर निशानदेही कर चली गई थी।

पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने टीम के जाने के बाद पीड़ित के घर पर आकर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला बोल दिया और जमकर मारपीट की। दबंगों के द्वारा की गई मारपीट में पीड़ित एवं उसकी पत्नी सीमा गंभीर रूप से घायल हो गई। शौर शराबा होने पर आरोपी पीड़ित उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिवार के अन्य लोगों ने पति-पत्नी को घायल अवस्था में उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ितो ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# पंजोखरा में दो किसानों की ट्यूबवेलो पर चोरी



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा में दो किसानों की ट्यूबवेलों पर किसानों खेत पर बने कमरे की दीवार तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए के बिजली के उपकरण चोरी कर लिए पीड़ित किसानों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी किसान मांगेराम और सुरेश फौजी के खेत दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गैस गोदाम के निकट हैं। पीड़ित किसानों ने अपने खेतों पर फसलों में सिंचाई करने के लिए ट्यूबवेल लगा रखी है। शनिवार सवेरे किसान अपने खेतों पर गए तो उनके खेतों पर बने ट्यूबवेल के कमरों की चोरों ने दीवार तोड़ रखी थी और हजार रुपए के बिजली के उपकरण चोरी कर ले गए। चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर दर्जनों ग्रामीण भी जमा हो गए, किसानों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर घटनास्थल की जानकारी करने के लिए मौके पर खंद्रावली चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे और किसानों से जानकारी जुटाई और चोरों की तलाश की। पीड़ित दोनों किसानों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित किसानों को जल्दी खुलासे का आश्वासन देते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है, जल्दी चोरों को पकड़कर खुलासा कर दिया जाएगा।

# छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में मारपीट, युवक सहित महिला घायल

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान स्थित डंग डूंगरा में दो पक्षों ने एक दूसरे पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। छेड़छाड़ को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक युवक और एक महिला घायल हो गई। दोनों पक्षों एक दूसरे के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान स्थित डंग डूंगरा निवासी युवती साहिबा पुत्री नसीम ने शनिवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच मोहल्ले का ही एक युवक घर में घुस गया और युवती के साथ अश्लील हरकत करते हुए बुरी नजर से दबोच लिया। शोर शराबा होने पर युवती का भाई साहिल मौके पर आ गया। आरोप है कि युवक ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर पीड़िता के भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी और अफसाना पत्नी वाजिद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता पड़ोस की ही दुकान पर सामान खरीदने के लिए गई थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही युवक साहिल ने पीड़िता को रोक लिया और मोबाइल नंबर मांगने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि आरोपी युवक साहिल ने पीड़िता को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पत्नी ने पति के लिंग पर किया धारदार हथियार से हमला

**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र के परसाखेड़ा गोटिया के रहने वाले एक युवक की अपनी पत्नी से कहासुनी हो गई, इस कहासुनी ने इतना विकराल रूप ले लिया कि युवक की पत्नी ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और युवक के लिंग काटने पर उतारू हो गई, इस घटना में युवक पर उसकी पत्नी ने हमला बोल दिया और युवक को घायल कर दिया फिलहाल युवक घायल अवस्था में समाज के डर से अपने घर पर ही रहकर इलाज करा रहा है। जानकारी के अनुसार सीबीगंज थाना क्षेत्र के परसाखेड़ा गोटिया में राजेंद्र पुत्र पप्पू अपने परिवार के साथ रहता है राजेंद्र का विवाह दो वर्ष पूर्व थाना फतेहगंज पश्चिमी के एक गांव से हुआ था, विवाह के समय भी राजेंद्र के साथ उसकी पत्नी विवाह नही करना चाहती थी लेकिन जैसे तैसे विवाह तो संपन्न हो गया अभी कुछ माह पूर्व राजेंद्र के घर एक संतान ने जन्म लिया था लेकिन वह भी ज्यादा दिन तक जीवित रह ना सका। राजेंद्र पर उसकी पत्नी शक करती थी कि उसके अन्य महिलाओं के साथ अवैध संबंध हैं इसी को लेकर शुक्रवार को दोनों में कहासुनी होने लगी, इस कहासुनी ने इतना विकराल रूप ले लिया कि राजेंद्र की पत्नी ने धारदार है हथियार से राजेंद्र के लिंग पर हमला बोल दिया जिससे राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया समाज के डर के कारण राजेंद्र अपना इलाज घर पर रहकर ही करा रहा है। यह घटना पूरे गांव में आग की तरह फैल चुकी है, वहीं इस घटना के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी ट्वीट होने के पश्चात बरेली पुलिस द्वारा थाना सीबीगंज पुलिस को निर्देशित किया गया है कि घटना की जानकारी लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# शुमायला खान के बाद अब सहायक अध्यापक कमल सिंह भी हुए नौकरी से बर्खास्त

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** पाकिस्तानी नागरिक शुमायला खान के दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर नौकरी पाने और नौ साल तक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत होने के बाद उसके द्वारा किए गए फर्जीवाड़े के खुलासे और नौकरी से बर्खास्तगी के बाद अब एक और फर्जी दस्तावेज से नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया है, जिसमें फर्जी टीईटी की मार्कशीट लगाकर नौकरी कर रहे शिक्षक को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बर्खास्त कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ये मामला बरेली के शेरगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सीहोर का है। जहां के खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर के आधार पर फर्जी टीईटी की मार्कशीट के आधार पर नौकरी पाने वाले शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले की थाना शेरगढ़ पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती ने बताया है कि शेरगढ़ के गांव सीहोर के प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक कमल सिंह की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2011 की मार्कशीट कूटरचित पाई गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी और सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा की गई जांच में इसकी पुष्टि हुई है। प्राथमिक विद्यालय सीहोर में 14 अगस्त 2014 को बतौर सहायक अध्यापक कमल सिंह को नियुक्त किया गया था। तभी से वह वहां कार्यरत था। शासन एवं जिला स्तर से जांच के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह इस ने मामले का संज्ञान लिया। उधर, थानाध्यक्ष शाही अमित कुमार बालियान ने बताया है कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध रूप से संचालित पेट्रोल पंप को एसडीएम ने किया सील

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील के निकट अवैध रूप से संचालित किया जा रहे एक मिनी पेट्रोल पंप पर पहुंचे एसडीम और जिला आपूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पेट्रोल पंप को सील कर दिया। और पेट्रोल एवं डीजल के नमूने लेकर सैंपल के लिए भेज दिए।पेट्रोल पंप संचालक मौके से फरार हो गया राजस्व विभाग अग्रिम कार्रवाई में जुटा हुआ है।

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील के निकट लगभग एक माह से मिनी पेट्रोल पंप का संचालन किया जा रहा था। नगर एवं क्षेत्र के ग्रामीण लोग मिनी पेट्रोल पंप से पेट्रोल और डीजल अपने वाहनों में भरवा रहे थे। कई दिन पूर्व स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से संचालित मिनी पेट्रोल पंप की शिकायत एसडीएम एवं जिला आपूर्ति विभाग से की थी। शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी कैराना स्वप्निल यादव, जिला आपूर्ति अधिकारी अंकुर यादव, राजस्व विभाग एवं पुलिस टीम के साथ मिनी पेट्रोल पंप पर पहुंचे पेट्रोल पंप संचालित पाया गया।

एसडीएम एवं जिला पूर्ति अधिकारी ने जब मौके पर मौजूद पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारी पंकज कुमार एवं जयवीर सिंह,लाइसेंस एवं जरूरी कागजात मांगे तो कर्मचारी के द्वारा लाइसेंस नहीं दिखाया गया। एसडीएम एवं जिला पूर्ति अधिकारी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप पर लाइसेंस नहीं मिलने के कारण सील कर दिया। मौके पर मौजूद टीम ने पेट्रोल पंप पर 620 लीटर डीजल एवं 230 लीटर पेट्रोल पाया। राजस्व विभाग की टीम ने पेट्रोल एवं डीजल के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए। टीम को देखकर पेट्रोल पंप संचालक मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। एसडीएम कैराना स्वप्निल यादव का कहना है की शिकायत पर टीम जांच करने के लिए पहुंची थी मिनी पेट्रोल पंप अवैध रूप से संचालित मिला है जिसको सील कर दिया है।

# नवागत जिलाधिकारी ने जिला कोषाकर पहुंचकर किया कार्यभार ग्रहण



**मेरठ।** नवागत जिलाधिकारी डा0 विजय कुमार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषागार पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुये कहा कि कानून व्यवस्था,विकास व अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सरकार की अपेक्षा अनुरूप कार्य कराये जायेंगे। उन्होने बताया कि मा0 जनप्रतिनिधियों, आमजन व मीडिया से समन्वय स्थापित कर आमजन की समस्याओ का प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जायेगा। उन्होने कहा कि जनपद में जो भी विकास कार्य चल रहे है उनको गति प्रदान की जायेगी। उन्होंने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए समस्त कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके पटल पर सौंपी गई जिम्मेदारी के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने प्रत्येक पटल पर संरक्षित रिकॉर्ड को खुलवाकर देखा तथा प्रत्येक फाइल को आसानी से निकाला जा सके इसके लिए प्रत्येक अलमारी पर रखी हुई फाइलों के अनुसार स्टीकर चिपकाने एवं मास्टर रजिस्टर बनाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सूर्यकांत त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यप्ति राजपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, मुख्य कोषाधिकारी वरुण खरे,जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित किसान ढाबे के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक का गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। बागपत जनपद के गांव लूम निवासी सोनू कुमार अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली शहर में गया हुआ था। बाइक सवार अपना कार्य समाप्त कर वापस अपने गांव में जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित किसान ढाबे के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से बाइक सवार घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# किसानों के लिए अनेक योजनाएं बनाई है सरकार ने: सांसद

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार किसानों से हर समय वार्ता को तैयार है और किसानों के हित में ही सरकार काम कर रही है। सांसद राजकुमार आज हिसार में एक प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उनके साथ लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे। इससे पहले दोनों ने संविधान गौरव कार्यक्रम में भी शिरकत की। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के लिए बहुत काम किये है। फसल बीमा, केसीसी, साहूकारों से मुक्ति, फसल बीमा के बाद पशुपालन जैसी दिशा में भी कदम उठाए गए। ड्रिप इरिगेशन की बात हो या दूसरी स्कीमों की सरकार ने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए विशेष बजट रखते हुए मोदी के नेतृत्व में काम किया। उन्होंने सीधे तौर पर कांग्रेस पर तंज कसा और कहा कि वो 3 ऐसे काम गिनवाए जो उन्होंने किसानों के हित में किये हों, हम 30 गिनवाने को तैयार है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों के हित में सबसे ज्यादा काम किए हैं लेकिन कांग्रेस किसानों व संविधान के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रही है।

सांसद चाहर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान सम्मान योजना लागू की गई। इसके अलावा अनेक ऐसी नीतियां बनाई गई, जिससे किसानों को फायदा मिले और वे आर्थिक रूप से मजबूत हों।

उन्होंने हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां पर सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है, जो देशभर में एक उदाहरण है। इसी दौरान एक सवाल के जवाब में सांसद राजकुमार चाहर ने कहा है कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद बाबा साहेब को सम्मान दिया गया। सरकार बाबा साहेब के नक्शेकदम पर चलते हुए हर वर्ग के हित में नीतियां बना रही है। वहीं, लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्यअभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने बाबा साहेब की नीतियां जनता तक पहुंचाने का काम किया है, जो सराहनीय है। इस दौरान बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व चैयरमेन सतबीर वर्मा, पूर्व मंत्री अनूप धानक, रणधीर सिंह धीरू, राजेंद्र सपड़ा, संजीव रेवड़ी, आशीष जोशी, धर्मवीर रतेरिया, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, सरोज सिहाग, संदीप आजाद, विक्रम कासनिया, राजकुमार शर्मा व सतपाल शर्मा भी मौजूद रहे।

# 19 से 24 जनवरी तक होगा खेल कुंभ का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मेरठ।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् मेरठ महानगर द्वारा खेल कुम्भ के संदर्भ में प्रान्त कार्यालय छात्र शक्ति भवन सूरज कुंड मेरठ पर प्रेस वार्ता की गयी। प्रान्त सह मंत्री सिमरन कर्दम ने बताया कि अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् मेरठ महानगर द्वारा खेल कुम्भ का आयोजन 19 से 24 जनवरी तक किया जायेगा` जिसमे(बैडमिंटन ,वोल्लीबॉल, खो-खो, कब्बड्डी, शूटिंग, कुश्ती ,टेबल-टेनिस, मार्शलार्ट,रनिंग) आदि विभिन प्रकार के खेलो का आयोजन किया जा रहा है जिसमे छात्र व छात्राए दोनों प्रतिभाग कर सकते है।

महानगर सयोजक खेलो भारत शिवम् गुप्ता ने बताया कि खेल कुम्भ का उद्धघाटन 19 जनवरी को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के खेल विभाग में किया जायेगो उन्होंने बताया के हमने विधार्थियों को दो वर्गो (जूनियर व सीनयर) में बाटा है ।

महानगर मंत्री अभिषेक गोयल ने बताया कि अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संघठन है यह विश्व का एक मात्र संगठन है जिसमे छात्र , शिक्षक व शिक्षाविद एक साथ कार्य करते हैं` अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् द्वारा खेल कुम्भ का आयोजन पुरे देश में खेलो भारत आयाम के माध्यम से किया जा रहा है जिसमे मेरठ महानगर द्वारा खेल कुम्भ का आयोजन विभन्न स्थानों पर किया जा रहा है` जिसमे प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाडियों को खेल कुम्भ के अंतिम दिन समापन समारोह में प्रमाण पत्र व मैडल देकर समानित किया जायेगा।

# असम की प्रेमिका ने प्रेमी संग रचाई शादी, अब बोली- मुझे अपने घर जाना है

**बरेली।** प्रेम प्रसंग का एक अजब गजब मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर हुए इश्क के बाद असम की विवाहिता, अपने प्रेमी के घर थाना शीशगढ़ क्षेत्र के गांव कनकपुरी पहुंच गई। उसने मंदिर में प्रेमी के साथ शादी कर ली। लगभग डेढ़ माह प्रेमी के साथ रहने के बाद महिला अब अपने घर असम वापस जाना चाहती है। शीशगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया है कि इस महिला की सोशल मीडिया के जरिए कनकपुरी गांव के एक लड़के से बात होती थी। कुछ समय बाद दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे। बीते साल 19 नवंबर को असम के जिला तीनसुखिया की रहने वाली यह महिला अपने प्रेमी के घर आ गई। उसके बाद दोनों ने बरेली के एक मंदिर में जाकर शादी भी कर ली थी। अब महिला अपने घर असम वापस जाना चाहती है।

# संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर अनुज प्रताप का धूमधाम से मनाया जन्मदिवस



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति के सक्रिय सदस्य अनुज प्रताप का जन्मदिवस संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। अनुज विगत 4 वर्षों से संघर्ष सेवा समिति के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं उनके समाजसेवी कार्यो को देखते हुए कई बार उन्हें सम्मानित भी किया गया है। आज उनके जन्म दिवस पर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण झोकन बाग स्थित मुख्य कार्यालय पर उपस्थित हुए जहां सभी ने माला पहनाकर एवं तिलक कर अनुज का स्वागत किया तत्पश्चात के काटकर सभी ने खुशियां मनायीं। इस अवसर पर डॉ० संदीप सरावगी ने कहा हमारे सदस्य कंधे से कंधा मिलाकर समाजसेवा का कार्य कर रहे हैं साथ ही संघर्ष सेवा समिति के विस्तार में भी सभी की पहल सराहनीय है। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से सुशांत गेड़ा, राजू सेन, संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू, राकेश अहिरवार, देवेन्द्र सेन, मास्टर मुन्ना लाल, कमल मेहता, नीलू रायकवार, अनिल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# टाण्डा तहसील में 115 लाभार्थियों को किया घरौनियों का वितरण

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** टाण्डा तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सैदनगर के ब्लॉक प्रमुख और एसडीएम टाण्डा ने लाभार्थियों को स्वामित्व प्रमाण पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम में 115 घरौनियों का वितरण किया गया।

शनिवार को स्थानीय तहसील के सभागार में स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सैदनगर के ब्लॉक प्रमुख मोहित सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण एलईडी पर लाभार्थियों को दिखाया गया।इसके पश्चात मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख और उपजिलाधिकारी कुमार गौरव द्वारा 115 लाभार्थियों को घरौनियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख मोहित सैनी ने कहा कि यह सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है।इसके तहत लोगों को ग्रामों में उनके घरों का मालिका हक हासिल होगा।

उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने योजना के महत्व और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वालों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।इसके तहत ग्रामीणों को उनके घरों का स्वामित्व प्रमाण पत्र दिया जा रहा है।

इसके जरिये वे किसी प्रकार की अनिश्चितता या विवाद से मुक्त हो सकेंगे।

उन्होंने बताया कि जिस तरह खेती की जमीन के लिए खतौनी होती है, उसी तरह अब घरों के मालिकाना हक का दस्तावेज घरौनी के रूप में ग्रामीणों के पास रहेगा।कार्यक्रम में तहसीलदार शिव कुमार शर्मा और नायब तहसीलदार सहित लेखपाल एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# जीवन अनमोल है इसकी सुरक्षा भी करें: रजनीश कुमार




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड पौली क्षेत्र के राम जानकी मार्ग पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान रजनीश कुमार ने कहा कि हमेशा अपने बाएँ से चलें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें। जीवन अनमोल है इसकी सुरक्षा भी करें। नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में बताया तथा अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की। इस अवसर पर शिक्षकों व विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर उनि अशोक कुमार दूबे. उनि जय प्रकाश कुशवाहा, यूथ क्लब के अध्यक्ष आलोक सैनी सदस्य कमलेश यादव,सुरज चौहान, हे का बदरे आलम का मेराज अली आदि मौजूद रहे।

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** शनिवार को ड्रग इंस्पेक्टर और आबकारी निरीक्षक ने क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया।इस दौरान एक मेडिकल स्टोर से चार संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजे गए।निरीक्षण से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी रामपुर एवं और सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद मंडल के निर्देश पर शनिवार को औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार एवं आबकारी इंस्पेक्टर अनुपम सिंह के ने संयुक्त रूप से दढ़ियाल में श्री कृष्णा मेडिकोज एवं टांडा में न्यू पुष्पेंद्र मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। श्री कृष्णा मेडिकोज दढ़ियाल से चार संदिग्ध दवाओं के नमूने संग्रहित किए गए। जिनको राजकीय लैबोरेट्री लखनऊ भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में टांडा स्थित न्यू पुष्पेंद्र मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया। जिस पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट नहीं पाया गया, साथ ही सेल रिकॉर्ड एवं अन्य अभिलेख मेंटेन नहीं पाए गए। जिससे ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत स्टोर को बंद कर दिया जिस। अन्य मेडिकल स्टोर संचालक अपना मेडिकल स्टोर बंद कर मैके से फरार हो गए। आइन्दा निरीक्षण में इन्हें चिन्हित कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त हिदायत दी गयी है कि कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक बिना बिल के न तो दवाई रखे और न ही चिकित्सक के प्रिसक्रिप्शन के बिना दवाई बेचे।सभी संचालक नियमानुसार मेडिकल स्टोर का संचालन करें।

## जन्म प्रमाणपत्र के लिए अभिभावक लगा रहे चक्कर

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत इटवा के अभिभावक जन्म प्रमाणपत्र के लिए नगर पंचायत कार्यालय चार माह से चक्कर लगा रहे हैं। प्रमाणपत्र पाने में अभी तक वह असफल रहे हैं। नगर पंचायत घोषित होने के पूर्व गांवों में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी से लोगों को अपने पाल्यों का जन्म प्रमाणपत्र बहुत ही आसानी से मिल जा रहा था, लेकिन नगर पंचायत की घोषणा होने के बाद इटवा में आने वाले गांवों के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इन्हें प्रमाणपत्रों के लिए नगर पंचायत के दर्जनों बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इटवा के गफ्फार कहते हैं कि विद्यालय में आधार कार्ड मांगा जा रहा है। बगैर जन्म प्रमाणपत्र के आधार कार्ड बनाने वाले मना कर रहे हैं। ऐसे में 19 सितंबर को 13 लोगों ने, 4 दिसंबर को 19 लोगों ने आनलाइन आवेदन किया, लेकिन अभी तक जन्म प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है। इस संबद्ध में ईओ संदीप कुमार का कहना है कि बाबुओं की अनुपस्थिति के चलते प्रमाणपत्र जारी नहीं हो रहा है।

# श्याम सुंदर चौधरी ने पहलवानों का हाथ मिलाकर विराट कुश्ती दंगल का किया उद्घघाटन

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** जिले के विधानसभा कपिलवस्तु के सोहना ग्राम पंचायत कठहां में शनिवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का उद्धघाटन मुख्य अतिथि अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी ने किया। वहीं दंगल को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का तांता लगा रहा। दंगल में अलग-अलग राज्यों से पहलवानों ने भाग लिया। पड़ोसी देश नेपाल से भी एक पहलवान इस दंगल में पहुंचकर अपने जीत का परचम लहराया कुश्ती के आखिरी पड़ाव पर नेपाल के लकी थापा पहलवान ने शमशेर सिंह को धूल चटाई।

दूसरे राउण्ड में मोंटी पहलवान ने पटियाला पंजाब के विक्की पहलवान को चित किया। मुख्य अतिथि श्याम सुन्दर चौधरी ने दंगल में आयें पहलवानों को शुभकामनाओं के साथ ही साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह केवल एक खेल नहीं स्वस्थ रहने का एक माध्यम भी है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। हमारे देश के युवा कुश्ती जैसे खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने आये हुए पहलवानों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे देश के पहलवान जिस तरह मिट्टी में घंटों पसीने बहाते हैं तो वह दिन दूर नहीं जब विश्व फलक पर हमारे देश का तिरंगा लहरायेगा। इस दौरान कुश्ती दंगल में विशेष रूप से विशिष्ट अतिथि नेता अपना दल (एस)

मनीष क्रांतिकारी, नेता अपना दल (एस) राम बचन सिंह नेता अपना दल (एस), वन्दना चौबे, गरिमा विश्वकर्मा, मनोज सिंह, मोहम्मद हबीब, विजय सिंह चौधरी, शनसीम, अरविन्द चौधरी, पुनीत गौतम, आस मोहम्मद, मोनू श्रीवास्तव, क्षेत्र पंचायत सदस्य अखिलेश गौतम सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने खड़िया खनन क्षेत्र का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिला प्रशासन की सख्ती के चलते खड़िया संचालकों में खलबली मची हुई है।जिलाधिकारी द्वारा जिला एवं तहसील एंटी इलीगल माइनिंग फोर्स कमेटी का गठन कर खड़िया खदानों का स्थलीय निरीक्षण कर मानकों की जांच पड़ताल की जा रही है।

वही शनिवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने विकास खण्ड कपकोट के रीमा खनन क्षेत्रों का दौरा किया। कई खड़िया खुदानों का स्थलीय निरीक्षण कर उनके मानकों की पड़ताल की। तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को हिदायत देते हुए खड़िया खुदानों के मानकों की बारीकी से जांच कर गड़बड़ी मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खड़िया खदानों में पैनी निगरानी रखते हुए अवैध अतिक्रमण व खनन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा उच्च न्यायालय के आदेश को धरातल पर शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। तथा इस पर लापरवाही कतई भी बर्दाश्त नही की जाएगी। जिलाधिकारी ने मौके पर भूवैज्ञानिक, प्रभागीय वनाधिकारी,जिला खान अधिकारी एवं एसडीएम को खनन खुदानों के मानकों का बारीकी से जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि खड़िया खुदान में गड़बड़ी मिलने पर खड़िया संचालक के खिलाफ नियमानुसार कड़ी करवाई अमल में लायी जाए। इससे पूर्व शुक्रवार देर शाम को भी जिलाधिकारी ने जिला एंटी इलीगल माइनिंग फोर्स के कार्यो की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने अवैध खनन को लेकर हाई कोर्ट के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिले एवं तलसील स्तर पर गठित निरोधक दल को नियमित सक्रियता व तत्परता से कार्य करने के कड़े निर्देश देते हुए अवैध खनन,अतिक्रमण आदि को लेकर सम्बंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल,जिला खान अधिकारी नाजिया हसन, एसडीओ तनुजा परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उसका ब्लॉक सभागार में घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया



वेलकम इण्डिया

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक प्रमुख ललावती चौहान की अध्यक्षता में ब्लॉक परिसर में स्थित सभागार में घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ललावती ने प्रधानमंत्री के कार्यों की सराहना करते हुए मात्र चार साल में घरौनी तैयार करा कर लोगों तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। स्वच्छता और नशा मुक्ति का लोगों को शपथ दिलाया गया।

इस अवसर पर प्रभारी बीडीओ प्रमोद कुमार, प्रभारी एडीओ पंचायत अखिलेश कुमार सहित अलका वर्मा, अमित उपाध्याय, ओंकार गुप्ता, उमेश पाण्डेय, लवकुश राजभर आदि कर्मचारी, ग्राम प्रधान एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

# पंचायत भवन मधवापुर कला पर घरौनी वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वेलकम इण्डिया




**खुनियांव/सिद्धार्थनगर।** जिले के विकास खण्ड खुनियांव अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवन मधवापुर कला पर शनिवार को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के दौरान घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक सम्पत्ति कार्ड वितरित किये।

यह कार्यक्रम 10 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया गया था। इन राज्यों में छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश शामिल थे। साथ ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के नागरिकों को भी सम्पत्ति कार्ड वितरित किये गयें। वहीं प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर लाभार्थियों से संवाद किया। यह पहल ग्रामीण सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

आपको बताते दें कि विकास खण्ड खुनियांव के मधवापुर कला में कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान राम बरन तथा मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालजी यादव रहें। वहीं ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी सुजीत जायसवाल जो प्रधानमंत्री के इस योजना के बारें में ग्रामवासियों को समझाए और प्रधानमंत्री के लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को भी ग्रामीणों को दिखाएं। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी सुजीत कुमार जायसवाल ने समस्त उपस्थित ग्रामवासियों को स्वच्छता तथा नशा मुक्त का शपथ भी दिलाया।

वहीं घरौनी वितरण कार्यक्रम में कुल 32 व्यक्तियों को घरौनी वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी मोहम्मद तारिक खान, शिवम सिंह, सैय्यद नवाब, अब्दुल मोईद, तौलन राम पासवान, बाल गोविन्द सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

# नगर पंचायत बढ़नी में पिछले कुछ वर्षों में हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

वेलकम इण्डिया




**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी में पिछले कुछ वर्षों में हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गम्भीर सवाल उठे हैं। जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गोपाल प्रसाद कुशवाहा ने 2018 से अब तक के कई कार्यों की जांच की, जिसमें कई स्थानों पर घटिया निर्माण और अनियमितताएं उजागर हुईं। गांधी आदर्श विद्यालय इन्टर कालेज के सामने बने नाले के ढक्कन टूटे पाये गये, जिसपर डीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

जांच के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गयीं। बाजार क्षेत्र में खराब सड़कों, अधूरे नालों के ऊपर ढक्कन और टूटी इन्टरलॉकिंग सड़कों की कमियां सामने आयीं। तालाब में उतरने के लिए बने सीढ़ियों के निर्माण में कुछ कमियां पाया गया, जबकि कई वार्डों में जल निकासी की समस्या अनसुलझी मिली। इन खामियों पर जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गोपाल प्रसाद कुशवाहा ने अधिकारियों और ठेकेदारों से जवाब तलब किया।

डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि नगर पंचायत के विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि जांच में पाई गई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द ठीक किया जायेगा।

यह निरीक्षण नगर पंचायत के विकास कार्यों में पारदर्शिता की कमी और निगरानी तन्त्र की खामियों को उजागर करता है। प्रशासन ने यह आश्वासन दिया है कि भविष्य में कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठायें जायेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

# अवैध शराबबंदी के खिलाफ कार्यवाही से पुलिस ने 5 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** अवैध शराबबंदी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अलग अलग जगह से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध शराब के 115 क्वार्टर बरामद हुए है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस गेट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अभियुक्त शिवशंकर उर्फ सेट्टी पुत्र ओमप्रकाश निवासी नगला चौबे थाना हाथरस गेट को मेण्डू रोड से दादनपुर की ओर जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 18 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। अभियुक्त नूरहसन पुत्र खुदा बक्श निवासी गाँव लहरा को गिरफ्तार किया है। जिससे 25 क्वार्टर बरामद हुए है। अभियुक्त पंकज पुत्र मनोज निवासी रानी का नगला को नगला अलगर्जी से तमन्ना गढी की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 24 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। इसी क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त बंशी पुत्र मोहनलाल निवासी मालिन गली को सिंघानिया कॉलोनी ढकपुरा रोड से गिरफ्तार किया है। थाना हाथरस जंक्शन पुलिस ने अभियुक्त लवकुश पुत्र महेश कुमार निवासी ग्राम बरवाना को पुराना भट्टा के पास बरवाना केशोपुर के बीच पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 28 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है।

# पुलिस ने हत्या प्रयास के वांछित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस किया बरामद

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनाँक एक जनवरी 2025 धीरेन्द्र पुत्र किशोरीलाल निवासी नगला निवासी वर्मा कॉलोनी ढकपुरा द्वारा थाना हाथरस गेट पर सूचना दी गयी कि समय करीब 18.15 बजे शाम को वह और उसका भाई दिनेश पुत्र किशोरी लाल निवासी वर्मा कालोनी बाजार की तरफ से आ रहे थे। तभी खोखा मे बैठा लाला पुत्र दुलीचन्द्र निवासी कुशवाह नगर थाना हाथरस गेट से कहा सुनी हो गयी। इसी बात को लेकर सत्यवीर उर्फ सत्ता अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गोली मार दी है। दिनेश के कूल्हे में गोली लगने के कारण वह घायल हो गया है। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके क्रम में पुलिस ने अभियुक्त सत्यवीर उर्फ सत्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा अभियुक्त हक्का उर्फ अक्का उर्फ आकाश पुत्र सुशील उर्फ लाला निवासी ग्राम ढकपुरा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2025 को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया था।

पुलिस ने वांछित एक अभियुक्त नेपाली उर्फ रुकमेश पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम ढकपुरा थाना को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त हक्का उर्फ अक्का उर्फ आकाश पुत्र सुशील उर्फ लाला निवासी ग्राम ढकपुरा को जिला कारागार अलीगढ में निरूद्ध अभियुक्त हक्का उर्फ अक्का उर्फ आकाश पुत्र सुशील को पीसीआर पर लेकर अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।

# गौवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में मचा हड़कम्प, पुलिस जांच में जुटी



वेलकम इण्डिया

**बांसी/ सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के कोतवाली क्षेत्र बांसी अन्तर्गत बांसी से डुमरियागंज मार्ग पर पचपेडिया पुल के पास नहर के पुल के नीचे गौवंश के अवशेष मिला। आपको बता दें कि गौवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया है। वहीं घटनास्थल का अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने मय फोर्स के साथ निरीक्षण किया। तत्पश्चात वहां मौजूद पुलिसकार्मियों ने अवशेषों को अपने कब्जे में लिया। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए 03 टीमें बनाई गयीं हैं। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने घटना का जल्द खुलासा करने के लिए ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया।

# महाकुंभ मेला श्रद्धालुओ के अवागमन के दृष्टिकोण से दो वाहन सील 121 का चालान

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़** । महाकुम्भ वर्ष 2024-25 के दृष्टिगत प्रतापगढ़ सीमा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिकोण से अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज श्री भानु भास्कर, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज श्री प्रेम गौतम के मार्गदर्शन/पर्यवेक्षण एवं पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर/यातायात प्रतापगढ़ शिवनारायण वैश, ईओ नगरपालिका के नेतृत्व में प्रतापगढ़ पुलिस एवं प्रभारी यातायात जयचंद भारती के द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए सड़क मार्ग पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर व्यापारियों/ राहगीरों व आमजन से सड़क पर अवैध अतिक्रमण/ पार्किंग न करने के संबंध में वार्ता कर जागरुक किया गया । सड़क-सुरक्षा, जीवन-रक्षाह्न के तहत वन-वे रूट व अयोध्या प्रयागराज मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों पर रेट्रो रिफ्रैक्टिव टेप लगाकर राहगीरों को जागरूक किया गया । तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही की गई । यातायात नियमों के पालन हेतु आमजन को प्रेरित किया जा रहा है । ताकि अयोध्या एवं महाकुम्भ में आने-जाने वाले श्रध्दालूओं एवं आमजन के वाहनों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो । शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के क्रम में सड़कों पर गलत रूप में की गई वाहनों की पार्किंग पर यातायात पुलिस/प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया । चेकिंग के दौरान 121 वाहनों का चालान, 12 वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया, 02 वाहनों टोचन किया गया, 02 वाहनों को सीज व 02 वाहनों से कुल 3500/- रुपए चालान किया गया । शेष अधिरोपित जुमार्ना रु0-30,7000/- लंबित है । श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार, छिनैती, चोरी, टप्पेबाजी, छेड़खानी, अप्रिय दुर्घटना जैसे आपराधिक वारदातों को रोकने के लिए यातायात पुलिस द्वारा अब तक कुल 2305 ई-रिक्शा चालकों और स्वामियों का सत्यापन कर उनका फोटो लिया गया । साथ ही सत्यापन होने पर ई-रिक्शा पर स्टीकर चस्पा किये गये । बयान-प्रतापगढ़ पुलिस जनपदवासियों/ नागरिकों एवं सर्वसंबंधित से अपील करती है कि महाकुम्भ-2025 के दृष्टिकोण से श्रद्धालूओं के सुगम/सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु तैयार किये गये रुट डायवर्जन प्लान/ जारी गाइडलाइन्स का अनुपालन अनिवार्य रुप से करें। साथ ही यह आशा करते हैं कि यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित किये जाने में यातायात पुलिस/प्रतापगढ़ पुलिस का सहयोग करेंगें ।

# अति आनंद उमगी अनुरागा, चरण सरोज पखारन लागा



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन**। गिरिराज धाम दानघाटी आन्यौर परिक्रमा मार्ग स्थित रामानंद आश्रम में रामानंदाचार्य जयंती महोत्सव में आयोजित रामलीला में राम केवट संवाद का सुंदर मंचन किया गया। रामलीला में पधारे पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, पूर्व चेयरमैन पं खेमचंद शर्मा, विहिप प्रांत सह मंत्री मुकेश शुक्ला, जिलामंत्री योगेश गौतम का महंत राम अनुग्रह दास महाराज ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

आयोजन में राम, लक्ष्मण, सीता वनवास के दौरान श्रृंगवेरपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन सुबह निषाद राज केवट से सुरसरि पार जाने के लिए कहते हैं लेकिन केवट बिना चरण धुले प्रभु को नाव में चढ़ाने को तैयार नहीं होता। राम नदी के तट पर भाई लक्ष्मण, पत्नी सीता के साथ खड़े हैं। राम की आज्ञा पाकर केवट घर से कठौता ले करके आया और अति आनंद उमगी अनुरागा, चरण सरोज पखारन लागा। उसके भक्ति से खुश होकर देवलोक से पुष्पों की वर्षा होने लगती है। उधर केवट राम की चरणों को पखारकर अपने पितरों को तार देता है। राम सुरसरि पार होने के बाद केवट को नाव खेवाई देते है तो केवट कहता है कि अब कछु नाथ न चाहिए मोरे, दीन दयाल अनुग्रह तोरे। हे नाथ मुझे इसकी कोई आवश्यकता नहीं है मल्लाह मल्लाह खेवाई नहीं लेता है मैंने आपको गंगा पार किया।

# दर्जनों लोगों में वितरण हुआ घरौनी



**कछवांरोड**। सेवापुरी ब्लॉक के चित्रसेनपुर और बिहड़ा गांव में शनिवार को स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रॉपर्टी कार्ड घरौनी दर्जनों लोगों में वितरण सचिव आदर्श दुबे, राकेश कुमार व लेखपाल सुधीर त्रिपाठी द्वारा किया गया।वही अन्य लोगों को जागरूक भी किया गया।वही लेखपाल सुधीर त्रिपाठी ने कहां की स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के घरों के मालिकों को कानूनी हक का दस्तावेज प्रदान किया जा रहा है। यह खतौनी की तरह एक वैध प्रमाण पत्र है। जिससे ग्रामीणों को अपने घर का मलकाना हक मिल रहा है।इस दौरान ग्राम प्रधान चित्रसेनपुर राजकुमारी देवी, बिहड़ा ग्राम प्रधान कमलेश यादव, रूपनारायण पटेल, दिलीप पटेल समेत दर्जनों लाभार्थी मौजूद रहे।


# 12 ढाबा संचालक गिरफ्तार, अतिक्रमण के खिलाफ सड़क पर उतरी पुलिस

वेलकम इंडिया



कछवांरोड। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के मेंहदीगंज हाइवे से लेकर गुड़िया बार्डर तक हाइवो के किनारे संचालित ढाबों के सामने रोड पर कुंभ मेले को देखते हुए सख्त हिदायत है कि गाड़िया न खड़ी हो उसके बावजूद ढाबों के सामने आए दिन गाड़िया खड़ा हो रही है।जिसके चलते हादसे होने के चांस ज्यादा है।इसके साथ ही ढाबा के सामने हाइवे पर ट्रक समेत अन्य वाहन को खड़ा करा देर रात तक होटल खोलने के मामले में मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी ने ढाबा संचालक किशन यादव, रविन्द्र यादव, शिवमंदिर यादव, जितेंद्र सरोज, रिंकू यादव, राजेश राजभर, सुफियान खान, जनमेजय, विकास यादव, सद्दाम हुसैन, रिपु सिंह व राजेश कुमार को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया।वही सभी को सख्त हिदायत दिये कि अगर हाइवे पर गाड़िया खड़ी होती है तो ढाबों के सामने तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा।जिसके चलते क्षेत्र के ढाबों संचालको में हड़कम मचा हुआ है।वही शनिवार की दोपहर में कछवांरोड चौराहे पर मिजार्मुराद पुलिस एडीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल के नेतृत्व में सड़क पर उतरकर अतिक्रमण किये हुए एक दर्जन ठेला, व दुकानदारों गिरफ्तार कर थाने ले आई।पुलिस ने जेसीबी के मदद से रोड के किनारे बैनर व लगे बोर्ड को उखड़वा कर जब्त कर ली।

# महिला चौकी प्रभारी ने पैदल भ्रमण कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाएगा



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़/बाबूगढ़** थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले कुचेसर चौपला चौकी प्रभारी निशु मलिक ने अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा।आपको बता दें कि एसपी कुमार ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा जनपद में समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्रों शरारती तत्वों पर ड्रोन कैमरे की तरह पैनी नजर रखते हुए। क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं।

जिसके अनुपालन में बाबूगढ़ थाना क्षेत्र की कुचेसर चौपला चौकी प्रभारी निशु मलिक के द्वारा अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए। जनता जनार्दन को दिए दिशा निर्देश।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय एक दिवसीय शिविर में यातायात जागरूकता की शपथ लेते स्वयंसेवी

वेलकम इंडिया




**नूरपुर** : क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर यातायात जागरूकता पर आयोजित किया गया। प्रथम इकाई का शिविर कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार के नेतृत्व में ग्राम फीना में आयोजित किया गया। जबकि द्वितीय इकाई का शिविर डॉ शिवाली राजपूत व पीयूष वर्मा के नेतृत्व में ग्राम अजुपुरा में लगाया गया। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को यातायात जागरूकता के टिप्स दिए। स्वयंसेवियों का कहना था कि शीतकाल में अधिक कोहरा आने के कारण सड़कों पर दुर्घटनाएं बढ़ रही है। अतः सड़क पर चलते समय सदैव अपनी दिशा में चलें साथ ही यातायात के नियमों का जागरूकता के साथ पालन करें।

इस अवसर पर कॉलेज में स्वयंसेवियों को यातायात जागरूकता की शपथ दिलाई गई। शपथ कालेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने दिलाई। उन्होंने यातायात जागरूकता पर कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात संकेतों का पालन करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वाहन ओवरटेक करते समय भी सावधानी रखें।

कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने कहा कि कभी भी नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएं। वाहन सदैव सामान्य स्पीड में ही चलाएं। साथ ही वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग करें। कार चालक बिना सीट बेल्ट के वाहन नहीं चलाएं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त नियमों के संबंध में स्वयंसेवी डोर टू डोर जाकर व्यापक प्रचार प्रसार करें। 0 इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार व डॉ शिवाली ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास के विषय में भी बताया। तथा स्वयंसेवियों को सदैव जरूरतमंद लोगों की सेवा करने की सीख दी।

इस मौके पर डॉ आर पी सिंह, सचिन कुमार, सुषैन बाबू शर्मा, राकेश कुमार, डॉ वरुण कुमार, राजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, शनि, रुचि, पिंकी यादव मौजूद रहे।

# किसानो की समस्याओं को लेकर भाकियू संघर्ष अराजनैतिक ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़**/भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष हापुड़ राजेंद्र प्रधान के नेतृत्व में किसान दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव नीरज गुर्जर, पश्चिम के युवा प्रदेश सचिव, मोनू चौधरी युवा जिला अध्यक्ष हापुड़, तनुज त्यागी, ज़िला उपाध्यक्ष, मोहन, ज़िला सचिव नरेश अग्रवाल, ज़िला मंत्री, बिजेंद्र ज़िला सचिव पिंटू, ज़िला महामंत्री योगेंद्र, ज़िला कार्यकारणी सदस्य ,प्रदीप ज़िला उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ज़िला सचिव श्री विक्रमपाल, ज़िला उपाध्यक्ष हिमांशु नागर, ज़िला सह सचिव नीलकमल ठेकेदार ब्लॉक अध्यक्ष सिंभावली, सुमित लोहिया, सुशील, ईश्वर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वयंसेवको ने शिविर को सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया



वेलकम इंडिया

**नूरपुर** : देवता महाविद्यालय मोरना बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की 6 इकाइयों के स्वयंसेवक/ स्वयं सेविकाओं ने अपने-अपने चयनित ग्राम में अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में एक दिवसीय शिविर को सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया अपने-अपने चयनित ग्राम में जाकर स्वयंसेवक व सेविकाओं ने रैली निकालकर दुर्घटना और उससे होने वाली मृत्यु के रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा मुद्दों के बारे में जागरूक किया। मोटरसाइकिल पर हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया, बड़े वाहन मे सीट बेल्ट लगाने के लिए भी प्रेरित किया इस मौके पर अनु, कशिश, पूजा, सुनील ,हिमांशु, ललित आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कैप्टन डॉ सुनीता देवी, डॉ राशिद खान, डॉ अमित चौहान, डॉ शोभना गहलोत, डॉ राजीव कुमार एवं डॉ अजीत कुमार उपस्थित रहे कार्यक्रम के सफल संचालन में भूपेंद्र कुमार, मोहित कुमार, ओमप्रकाश और ग्राम प्रधानों एवं ग्राम वासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# आभा फाउंडेशन द्वारा 785 चश्मो का निशुल्क वितरण : आभा सिंह

वेलकम इंडिया

**चांदपुर** : आभा फाउंडेशन द्वारा चश्मा वितरण का दूसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न, 785 निःशुल्क चश्मे वितरित किए।

आभा फाउंडेशन ने अपने दूसरे चरण के चश्मा वितरण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस चरण में कुल 785 चश्मे वितरित किए गए।

आभा फाउंडेशन ने 5 जनवरी 2025 को निःशुल्क मोतियाबिंद और नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया था, जिसमें लगभग 2350 लोगों ने अपनी नेत्र जांच करवाई। जांच के दौरान 2025 लोगों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई। इन चश्मों का वितरण फाउंडेशन द्वारा 17 और 18 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में किया गया। 17 जनवरी को 1200 लोगों को चश्मे वितरित किए गए, जबकि 18 जनवरी को 785 लोगों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। चश्मे प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों ने आभा फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और खुशी जाहिर की।

फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आभा फाउंडेशन समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगला निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन और नेत्र चिकित्सा शिविर 16 मार्च 2025 को फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

फाउंडेशन का यह प्रयास नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की मदद करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय समुदाय ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।



# श्री हंस इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट द्वारा रैली का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। गंगनहर स्थित श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया।

रैली जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद व 35 यूपी बटालियन मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया के आदेश अनुसार निकाली गई रैली को श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर से चलकर रावली रोड मैंन बाजार होते हुए गंग नहर पर समाप्त हुई। रैली में एन सी सी कैडेट ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाए। जैसे मत करो इतनी मस्ती ।जिंदगी नहीं है सस्ती ।आपका भविष्य आपके हाथ ।कृपया हेलमेट रखें साथ। सड़क सुरक्षा की यही पुकार ।बिना हेलमेट सब बेकार

■ रैली को श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

।आदि नारे लगाकर समाज के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। तथा दो पहिया वाहन चालक को गुलाब का फूल देकर हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित किया तथा उनसे सड़क के नियमों का पालन करने के लिए कहा। व 18 साल से कम उम्र के छात्र छात्राओं को वाहन न चलाने की अपील की ।रैली एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार के निर्देशन में निकाली गई जिसमें एनसीसी के 45 कैडेट ने प्रतिभाग किया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा , एन सी सी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, सूबेदार मेजर परमानंद आदि लोग उपस्थित रहे।




# तहसील मुख्यालय पर लोगों को घरौनियों का वितरण किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। प्रधानमंत्री द्वारा "स्वामित्व योजना" के अन्तर्गत तैयार की गयी ग्रामीण आवासीय अभिलेखों (घरौनियों) के डिजिटल वितरण कार्यक्रम के मद्देनजर मोदीनगर तहसील में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ग्राम सारा के लगभग 50 लोगों को घरौनियों का विधायक डॉ मंजू शिवाच व उपजिलाधिकारी मोदीनगर डॉ पूजा गुप्ता द्वारा वितरण किया गया। स्वामित्व योजना से जरूरतमंद लोगों को ऋण लेने में आसानी होगी, उन्हें अपनी जमीन–मकानों आदि की जानकारी रहेंगी और उनके पास उनके कागजात होंगे। इसी के साथ जमीन से जुड़े विवाद भी नहीं होंगे। इस मौके पर तहसीलदार रजत सिंह सहित तहसील प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

# बस्ती संपर्क अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। भाजपा द्वारा बस्ती संपर्क अभियान के तहत ब्लॉक भोजपुर मंडल में मंडल प्रभारी होने के बाद विजय नगर (रोरी) में बस्ती संपर्क गोष्ठी का आयोजन मंडल अध्यक्ष डॉ कपिल कोरी द्वारा किया गया। जिसमें बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर जी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मोदीनगर शहर आकाश शर्मा मुख्य वक्ता दीपक कर्दम डॉ कपिल कोरी सतीश चौधरी बखरवा अनुज त्यागी डॉ हल्केराम,गौरव सिंह,किरणपाल कोरी,अजय,अर्जुन कोरी,चंचल, अरविंद कोरी, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आरटीई के पहले चरण में 23 बच्चों के नाम एक से अधिक सीटों का आवंटन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। सत्यापन के बावजूद भी आरटीई के पहले चरण में 23 बच्चों के नाम एक से अधिक सीटों का आवंटन किया गया है।इसमें एक बच्चे के नाम दो से लेकर छह सीटों तक का आवंटित हुई हैं। इससे दूसरे गरीब बच्चों का पात्र होते हुए भी चयन नहीं हो सका। शिक्षा विभाग ऐसे अभिभावकों को नोटिस भेज कर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। अब इन बच्चों को न तो दाखिला दिया जाएगा और न ही दूसरे चरण में आवेदन का मौका मिलेगा। आरटीई के पहले चरण का लक्की ड्रॉ 24 दिसंबर को हुआ, इसमें 3035 बच्चों को निजी स्कूलों में सीटें आवंटित की गई। शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक चयनित होने वाले बच्चों की इस सूची में 23 ऐसे नाम सामने आए हैं जिनके नाम पर एक से अधिक सीटें आवंटित हो गई हैं। इन बच्चों के नाम पर एक ही स्कूल में दो से लेकर पांच तक सीटें हैं। इसके अलावा कई बच्चे वह है जिन्हें एक से अधिक अलग-अलग स्कूलों में सीटें आवंटित कर दी गई हैं, जबकि लक्की ड्रॉ कराने से पहले

आरटीई में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों और दस्तावेजों की जांच ऑनलाइन होती है। सत्यापित होने के बाद ही उन्हें लक्की ड्रॉ में शामिल किया जाता है। आरटीई प्रभारी दिनेश पाल ने बताया कि अभिभावकों ने कहीं बच्चों के नाम की स्पेलिंग बदल दी है तो कहीं जन्म तिथि बदलकर आवेदन किया है। इसके चलते सॉफ्टवेयर ऑनलाइन इन गलतियों को नहीं पकड़ पाया।

एक-एक बच्चे का सत्यापन किया जाता है। गरीब बच्चों को शिक्षा अधिकार दिलाने में हुई इस चूक के पीछे शिक्षा विभाग ने अभिभावकों को ही जिम्मेदार ठहराया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बताया कि इन अभिभावकों ने अच्छे स्कूलों में अपने बच्चे का दाखिला कराने की वजह से कई बार आवेदन किया और इनकी वजह से दूसरे पात्र बच्चों का चयन नहीं हो सका। इन सभी अभिभावकों को जल्द ही नोटिस भेजकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीटें खराब न हों इसके लिए शासन को पत्र लिखा गया है।

# वार्ड नंबर 77 पार्षद प्रत्याशी मोहल्ले में आकर फैला रहा है झूठ

वेलकम इंडिया

**देहरादून**। माजरा वार्ड नंबर 77का पूर्व पार्षद व पार्षद प्रत्याशी मोहल्ला मोमिन कॉलोनी में आकर झूठ फैला रहा है कि वह याद अहमद ने विपक्ष की भूमिका निभाई है और वह आजकल बीमार चल रहे हैं इसलिए हमारी मीटिंग में नहीं आ पाए हैं मोहल्ले के सब लोग जानते हैं कि इस पूर्व पार्षद ने पिछले दिनों क्या काम मोहल्ले वालों के लिए किया है पूरे 6 साल हो गए हैं इस पूर्व पार्षद ने मोहल्ला मोमिन कॉलोनी में आज तक एक भी काम नहीं कराया है उल्टे मोहल्ले वालों ने खुद श्रमदान करके अपना कार्य संपन्न कराया है मोहल्ले वासियों का कहना है कि किस अधिकार से यहां पर वोट मांगने आ रहा है उसके बाद झूठा आरोप लगा रहा है की फय्याज अहमद ने विपक्ष की भूमिका निभाई है भला वासियों का कहना है कि अपने कार्य के लिए पानी



की निकासी के लिए अगर किसी अधिकारी के पास जाना पड़ा है तो हम लोगफैयाज अहमद कोसाथ लेकर गए हैं यह पूर्व पार्षद झूठ फैलाकर फय्याज अहमद की छवि को खराब करना चाह रहा है पर ऐसा नहीं होगा जो आदमी पूरे मोहल्ले के लिए रात दिन खड़ा रहता है बिना भेदभाव के कार्यकर्ता है जनसेवा करता है हम लोग उसके साथ मोहल्ला वासियों ने कहा है कि पूर्व पार्षद झूठ बोलना बंद करे मोहल्ला वालो ने बताया कि 28 दिसंबर को तो फैयाज अहमद के घर पर आकर उनको जान से मारने की धमकी भी दे चुका है जिसके लिए फैयाज अहमद जीने इनके ऊपर कार्यवाही की मांग करते हुए भारत के प्रधानमंत्री ग्रहमंत्री ग्रह सचिव भारत सरकार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री उत्तराखंड के गृह सचिव उत्तराखंड के डी जी पी उत्तराखंड के एसएस पी लोगों के ऊपर जान से मारने की धमकी की कारवाई के लिए प्रार्थना पत्र अभी दिया था पर अभी भी यह लोग बाज नहीं आ रहे हैं।

# गौकशी में वांछित दो अभियुक्त को मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार, एक घायल

**मोदीनगर**। थाना भोजपुर पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गौकशी करने वाले अपराधियों गौकशी में वांछित दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बीते दिवस थाना भोजपुर पुलिस द्वारा ग्राम पट्टी से तिबडा जाने वाले रास्ते पर स्थित जंगल में गोकशी करने वाले अपराधियों से हुई मुठभेड़ के दौरान ,पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल एवं एक गिरफ्तार तथा कुछ साथी मौके से फरार हो गए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम महताब निवासी कलछीना थाना भोजपुर एबं जाजू निवासी ग्राम भोजपुर थाना भोजपुर बताया।

# मेयर पद की जंग ने मचा दी सियासी गलियों में हलचल

वेलकम इंडिया

**देहरादून**। उत्तराखंड में निकाय चुनाव के प्रचार का शोर 72 घण्टे बाद थम जाएगा। जबकि प्रदेश के 11 नगर निगमों, 43 नगर पालिका और 46 नगर पंचायतों में चुनावी हलचल मची हुई है। इस बार, प्रदेश के तीन बड़े शहरों में मेयर पद के लिए मुकाबला सबसे ज्यादा दिलचस्प हो गया है। ऋषिकेश, श्रीनगर गढ़वाल और हल्द्वानी, इन तीनों नगर निगमों में मेयर पद की जंग ने सियासी गलियों में हलचल मचा दी है। आइए जानते हैं, इन शहरों में क्या हो रहा है। ऋषिकेश नगर निगम पर मुकाबला त्रिकोणीय बना हुआ है। यहां चुनावी मुकाबला सीधे तौर पर बीजेपी, कांग्रेस और




निर्दलीय कैंडिडेट दिनेश चंद्र मास्टर के बीच हो रहा है। बीजेपी ने शंभू पासवान और कांग्रेस ने दीपक जाटव को टिकट दिया है, लेकिन दोनों ही कैंडिडेट उत्तराखंडी नहीं हैं। इस मुद्दे को दिनेश चंद्र मास्टर ने जमकर उठाया, और इसे अपने मास्टर स्ट्रोक के रूप में पेश किया। अब बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए ऋषिकेश का चुनाव सिरदर्द बन चुका है। दिनेश चंद्र मास्टर को स्थानीय नेताओं का समर्थन मिल रहा है, और चुनावी माहौल गरम हो गया है। श्रीनगर गढ़वाल में चुनावी घमासान हो रहा है। बीजेपी ने आशा उपाध्याय को उम्मीदवार बनाया, जो एक दिन पहले भाजपा में शामिल हुईं। इसके बाद पार्टी के अंदर असंतोष का माहौल बना है। लखतप सिंह भंडारी ने अपनी पत्नी आरती भंडारी को निर्दलीय मैदान में उतारा है, और उनके साथ नाराज बीजेपी कार्यकर्ता भी हैं। वहीं, पूर्व पालिकाध्यक्ष पूनम तिवाड़ी भी निर्दलीय चुनावी मैदान में हैं, जो कांग्रेस के वोट बैंक को तोड़ सकती हैं। इस सब के बीच, यूकेडी ने सरस्वती देवी को उम्मीदवार बनाया है, और इस तरह श्रीनगर का चुनाव एक दिलचस्प संघर्ष में बदल चुका है।

# करदाताओं को नगर निगम ने दी नई सुविधा, ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया होगी सरल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गृहकर जमा करने के लिए भवन स्वामियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए नगर निगम की और लगातार अत्याधुनिक सुविधा मुहैया कराई जा रही है। क्यूआर कोड के माध्यम से गृहकर जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराने के बाद व्हाट्सएप के माध्यम से भी गृहकर जमा करने की सुविधा देने जा रहा है। फरवरी के पहले सप्ताह से बकाया बिलों की जानकारी भवन स्वामियों को व्हाट्सएप के माध्यम से समय- समय पर मिलती रहेगी। साथ ही एक क्लीक पर करदाता अपना बकाया भी जमा कर रसीद भी प्राप्त कर सकेंगे। अब करदाताओं को अपना बिल जमा करने के लिए नगर निगम आने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा देते हुए शहर और निगम हित में कई कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स बिल भेजने और इस माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया को भी टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए सरल बनाया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया व्हाट्सएप पर नगर निगम का लोगो लगा होगा और ब्लू टिक भी लगा होगा। जागरूक करदाता भुगतान को सुरक्षित वातावरण में करेंगे। मेटा फेसबुक व्हाट्सएप से एग्रीमेंट हुआ है कि वह निगम का लोगों और ब्लू टिक किसी और को कॉपी नहीं करेंगे।

# जाली हस्ताक्षर और मुहर का इस्तेमाल कर जारी किया आवंटन पत्र

**गाजियाबाद**। वेव सिटी में बिल्डर कंपनी का प्लॉट फर्जी हस्ताक्षर और मुहर से आवंटन पत्र तैयार कर प्लॉट बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने 21 लाख रुपये की राशि भी बिल्डर कंपनी के खाते में जमा कराई। आरोप है कि कंपनी की साख खराब करने के लिए अभिषेक चौधरी ने फर्जी आवंटन पत्र जारी किया है। फजीर्वाड़े का पता चलने पर बिल्डर कंपनी ने रकम वापस लौटा दी और फजीर्वाड़े के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। मैसर्स उप्पल चड्ढा हाईटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अतुल गहलौत ने बताया कि अभिषेक चौधरी के द्वारा महरौली निवासी सुरेश पाल को फर्जी आवंटन पत्र जारी किया गया था।

# प्रदेश मे थूक जिहाद किया तो होगी सख्त कार्यवाही



वेलकम इंडिया

**देहरादून**। उत्तराखंड में फिर थूक जिहाद का मामला सामने आया है जिससे लोगो में गुस्सा है। ताजा मामला बागेश्वर में सरयू नदी के तट पर चल रहे उत्तरायणी मेले का है जहाँ रामपुर से आए मुस्लिम समुदाय के दो युवकों को थूक लगाकर रोटी बनाते हुए पकड़ा गया है।

इनका वीडियो वायरल हुआ है। वहीं जानकारी मिली है कि वीडियो वायरल होने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बवाल की आशंका को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए पहले वीडियो को सत्यापित कराया

■ मुस्लिम समुदाय के दो युवकों को थूक लगाकर रोटी बनाते हुए पकड़ा गया है।

और पुष्टि होने के बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी मिली है कि ये वीडियो गुरुवार की रात को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में साफ तौर पर युवक थूक लगाकर रोटी बनाते हुए दिख रहा है। जबकि दूसरा उसके पास में ही खड़ा है और समर्थन कर रहा है। वीडियो बागेश्वर उत्तरायणी का होने के बाद रात में ही पुलिस टीम से सत्यापन कराया गया तो मामला सही निकला। कुछ स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत भी पुलिस से की थी। सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश पर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक का नाम आमिर हो तो दूसरे का नाम फिरासत निवासी टांडा बदली जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) है। इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया. वही मुख्यमंत्री धामी ने बागेश्वर में थूक जिहाद की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में थूक जिहाद जैसी घृणित मानसिकता के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर रही है। यहां पर आने वाले प्रत्येक व्यक्तिक को स्वच्छता का अहसास होना चाहिए। थूक जिहाद करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# कैलाशपुर एसडीओ अंकित त्यागी ने एकमुश्त समाधान योजना की विधुत उपभोक्ताओं को दी जानकारी

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर कैलाशपुर**। विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना दूसरे चरण की तिथि 15 जनवरी से बढ़कर 22 जनवरी हुई।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना की दूसरे चरण की अंतिम तिथि 15 जनवरी को बढ़कर 22 जनवरी करते हुए विद्युत बकायादारो को बड़ी राहत दी है। दूसरे चरण की अंतिम तिथि बढ़ने से योजना का लाभ विद्युत बकायादारो को सीधा मिलेगा। विद्युत विभाग कैलाशपुर एसडीओ अंकित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि



उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा विद्युत विभाग ने अपने बकायादार एकमुश्त समाधान योजना उपभोक्ताओं के लिए एक मुस्त समाधान योजना संचालित कर उन्हें बड़ी राहत दी थी योजना का प्रथम जल्दी आयें, ज्यादा छूट पार्टी ₹

चरण 15 दिसंबर से आरंभ होकर 31 दिसंबर 2024 को संपन्न हो गया था दूसरा चरण 1 जनवरी से आरंभ होकर 15 जनवरी 2025 संपन्न की तिथि को अब बढाकर 22 जनवरी कर दिया गया है। दूसरे चरण की तिथि बढ़ने से योजना का संपूर्ण लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी विद्युत बकाया उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह विभाग द्वारा संचालित योजना का लाभ उठाते हुए अपने बकाया बिल को शीघ्र ही जमा कराए यदि वह शासन द्वारा दी गई विद्युत बिलों में छूट के बाद भी अपना बकाया जमा नहीं कराते तो ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार की गई घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार की गई ग्रामीण आवासीय अभिलेखों (घरौनियों) के डिजिटल वितरण कार्यक्रम के मद्देनजर हिन्दी भवन, लोहिया नगर में शनिवार को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण के दूरगामी बेहतर परिणाम होंगे। इससे जमीनी विवाद कम होंगे, जिससे लोगों में लड़ाइ-झगड़ें नहीं होगें। सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि स्वामित्व योजना से जरूरतमंद लोगों को ऋण लेने में आसानी होगी, उन्हें अपनी जमीन-मकानों आदि की जानकारी रहेंगी और उनके पास उनके कागजात होंगे। इसी के साथ जमीन से जुड़े विवाद भी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा किसान को कृषि सम्बंधित योजनाएं एवं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी और अधिक सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए वाट्सअप पर किसान कम्युनिटी ग्रुप बनाया गया है जिसमें सभी किसान परिवारों को जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों का अलग से एक वाट्सअप ग्रुप बनाया गया है जिससे कि किसानों कि समस्याओं का निराकरण व उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकें। एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने बताया कि इस दौरान 37000 घरौनियां वितरीत की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल माध्यम से घरौनी वितरित की। जिसमें 10 राज्यों व 2 केन्द्रशासित राज्यों के जिसमें 2 करोड़ घरौनियां वितरित की। उन्होंने सजीव संवाद के दौरान पांच लोग मनोज सकोनी मध्यप्रदेश, रचना गंगानगर राजस्थान, रोशन नागपुर महाराष्ट्र, संगीता रायगढ़ उड़ीसा व वीरेन्द्र कुमार साम्भा जम्मू-कश्मीर से संवाद किया। तदोपरांत प्रधानमंत्री ने समस्त देशवासियों को संबोधित करते हुए स्वामित्व योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए ग्रामीण आवसीय अभिलेख घरौनी वितरण कार्यक्रम लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 45 लाख 35 हजार घरौनियां वितरण हुई। जिसके लिए हम प्रधानमंत्री का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। हिन्दी भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा दर्जनों किसानों को घरौनी वितरित की गई।

# पब्लिक पहली प्रायोरिटी, सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना होगी प्राथमिकता: दीपक मीणा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** 2011 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक मीणा ने शनिवार को जिलाधिकारी गाजियाबाद का पदभार ग्रहण कर लिया। जिले में पहुंचने पर नए डीएम का तमाम अधिकारियों ने बुके भेंटकर स्वागत किया। जिला मुख्यालय पहुंचने पर सबसे पहले डीएम दीपक मीणा को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने ट्रेजरी पहुंचकर चार्ज लिया और अपने कक्ष में अधिकारियों से वार्ता की। डीएम ने इस मौके पर कहा कि पब्लिक उनकी पहली प्रायोरिटी रहेगी। कोई भी फरियादी कलेक्ट्रेट पहुंचे तो उसकी सुनवाई हो। आमजन के दफ्तरों के चक्कर ना काटने पड़ें। इसके साथ ही शासन की तमाम योजनाओं पर भी नए डीएम का फोकस रहेगा ताकि पात्र लाभार्थियों तक हर योजना का लाभ पहुंचे। उनकी पहली प्राथमिकता जिले की समस्याओं को समझकर उनके निस्तारण की योजना बनाने की है। जिले में यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा में बेहतर सुधार लाना होगा, तो वहीं शासन की योजनाओं को, परियोजनाओं को समय से गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कराकर उनका लाभ आम जन तक पहुंचना भी प्राथमिकता में रहेगा। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि मीडिया से निरंतर फीडबैक लेकर भी कार्य करेंगे ताकि योजनाओं को और बेहतर तरीके से किया जा सके। इसके अलावा आम जन की भी समस्याओं को जाना जाएगा। ताकि उनका समाधान गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जा सके। शासन की मशां के अनुरूप कार्य किए जाएंगे।

जो परियोजनाएं पेंडिंग हैं, उनमें तेजी लाई जाएगी ताकि समय से उन्हें पूरा कराया जा सके। गाजियाबाद जैसे संवेदनशील जिले में कार्य के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि उन्हें चैलेजिंग जिला मिला है, चैलेंज के साथ काम करना कार्यशैली को बेहतर बनाता है।

# इंदिरापुरम पुलिस ने 3 बदमाशों को किया गिरफ्तार, चुराए हुए ऑटो द्वारा चुराते थे महंगे ईसीएम



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में ईसीएम चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले ऑटो रिक्शा चोरी करते और फिर उन्हीं चोरी के ऑटो का इस्तेमाल कर कारों से ईसीएम चुराते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के दो ऑटो रिक्शा, सात ईसीएम और चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार बरामद किए हैं। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के अनुसार, क्षेत्र में खड़ी कारों से ईसीएम चोरी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस ने कई टीमें गठित कर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान बुलंदशहर के साजिद, बिजनौर के आसिफ और दिल्ली के अफजल को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। अफजल पर सात, आसिफ पर पांच और साजिद पर दो मुकदमे चल रहे हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पहले ऑटो रिक्शा चुराते और फिर उसी ऑटो का इस्तेमाल कर घरों के बाहर खड़ी कारों का लॉक तोड़कर ईसीएम चुरा लेते थे। चोरी की कुछ वारदातों के बाद वे ऑटो बदल देते थे। आरोपियों ने बताया कि ईसीएम की अच्छी कीमत मिलती थी। वारदात के दौरान वे यह भी ध्यान रखते थे कि आसपास सीसीटीवी कैमरे न हों।

# चाचा निकला 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म कर मौत के घाट उतारने वाला , थाना लिंक रोड पुलिस ने किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा , गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के साहिबाबाद से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई हैं, जिससे पूरे इलाके में सनसनी मची हुई है। दरअसल 15 जनवरी से एक पांच साल की बच्ची लिंक रोड थाना क्षेत्र से गायब थी। उसके साथ हुई दर्दनाक घटना का पता शनिवार (18 जनवरी) को उस वक्त पता चला जब उसका चाचा पुलिस एनकाउंटर में गिरफ्तार हुआ। जिस दिन से बच्ची गायब थी उसी दिन से उसका चाचा भी गायब था। परिवार ने पुलिस में बच्ची के लापता होने की शिकायत दी थी। जिसके बाद से पुलिस बच्ची के चाचा की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस को चाचा की खबर लगी तो पुलिस ने उसे घेर लिया। जब उसने पुलिस पर गोली चलाई तो आत्मरक्षा में पुलिस ने उस पर गोली चलाई जो उसके पैर में लग गई। उसे गिरफ्तार कर जब पुलिस ने उससे बच्ची के बारे में पूछा तो उसने जो कुछ बताया उसे सुनकर पुलिस भी चौंक गई चाचा ने पुलिस को बताया कि वह बच्ची को अपने साथ ले गया था फिर उसने पांच साल की मासूम के साथ दरिंदगी की।

वह पकड़ा न जाए इसके लिए उसने दरिंदगी के बाद बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर बच्ची के शव को प्लास्टिक के कट्टे में बंद कर पास के ही एक नाले में फेंक दिया। आरोपी चाचा की निशानदेही पर पुलिस ने नाले से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपित के पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा शहर जैसी बसावट और इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे उत्तर भारत में नहीं है। यहां निवेश की असीम संभावनाएं हैं। निवेशकों को हर संभव सहयोग देकर निवेश के लिए आमंत्रित करें, जिससे रोजगार के अवसर खुलें। बड़ी कंपनियों के आने से यहां के युवाओं को हाई पैकेज सैलरी प्राप्त होगी। युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और ग्रेटर नोएडा तरक्की करेगा। औद्योगिक विकास विभाग का कार्यभार संभालने के बाद पहली बार ग्रेटर नोएडा आए प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि आबादी, लीजबैक और किसानों से जुड़े अन्य मसलों को प्राथमिकता पर हल करके आगे बढ़े। उनसे जमीन लेकर ग्रेटर नोएडा का विस्तार करें। ग्रेट नोएडा फेस टू के लिए जमीन अधिग्रहित कर विकसित करें और बड़े निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित करें। प्रमुख सचिव ने कहा कि बड़ी कंपनियों के आने से तमाम छोटी कंपनियां खुद ही आने लगेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली, नोएडा और यीडा सिटी के बीच में बसावट होने और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ उठाते हुए ग्रेटर नोएडा को उत्तर भारत में आईटी के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश का प्रमुख केंद्र बनाया जा सकता है।



# सांसद अतुल गर्ग के स्टार प्रचारक बनाए जाने पर दी बधाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश की राजनीति में लोकतंत्र के माध्यम से भाजपा ने विकसित भारत को स्थापित करने की मुहिम में दिल्ली चुनावी समर के महासंग्राम की बागडोर के लिए गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को स्टार प्रचारक बनाए जाने पर भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने उनके आवास पर जाकर अपनी एवं महानगर की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# भाजपा नेता समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** भाजपा नेता सुधन रावत की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। सुधन रावत के खिलाफ कविनगर थाने में धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज हो गया है। इसी मामले में निवेश के नाम पर पौने पांच करोड़ रुपये लेने के बाद रुपये नहीं लौटाने और मांगने पर धमकी देने का एक मुकदमा पहले से दर्ज है। अब नया मामला यह है कि आरोपियों ने निवेशकर्ता के नाम पर आवंटित संपत्ति फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर किसी अन्य को बेच दी। मामले में सुधन रावत के अलावा रियल एस्टेट कारोबारी राजीव अरोड़ा समेत चार को नामजद कराया गया है। आरोप है कि सरिता नाम की महिला को निवेश का झांसा देकर 4.75 करोड़ रुपये ले लिए गए। महिला ने जब अपनी रकम वापस मांगी तो जान से मारने की धमकी दी गई। कविनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मैसर्स इंफोटेक सिसका की नोएडा के सूरजपुर में कंपनी है। इस कंपनी की एक शाखा कविनगर में है।

# शराबियों के पीछे पड़ी गाजियाबाद पुलिस, चार दिनों में 2000 से अधिक पहुंचे हवालात

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** सड़कों पर खुले में शराब पीकर जिले का माहौल खराब रहे शराबियों की अकल ठिकाने लाने के लिए पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। चार दिन से पुलिस रोजाना अभियान चला रही है और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर दूसरों के लिए परेशानी का सबब बनते लोगों को हवालात पहुंचा रही है, लेकिन स्थिति यह है कि रोजाना ऐसे शराबियों की संख्या बढ रही है। चार दिन के दौरान गाजियाबाद पुलिस ने कुल 2033 लोगों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े जाने पर कार्रवाई की है। 4 जनवरी को गाजियाबाद पुलिस ने शाम सात से नौ बजे तक चलाए अभियान में कुल 456 लोगों के खिलाफ 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की। 15 जनवरी को 515, 16 जनवरी को 516 और 17 जनवरी को पुलिस ने 546 लोगों को सार्वजनिक स्थानों से शराब पीते पकड़ा। अब बड़ा सवाल यह है कि पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों की संख्या कम क्यों नहीं हो रही। समझना मुश्किल है कि पुलिस की सक्रियता बढ़ रही है या फिर शराबियों की। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र का कहना है कि पुलिस इस तरह की ड्राइव चलाती रहेगी, लोगों को अपनी हरकतों से बाज आना होगा। शुक्रवार शाम सात से नौ बजे के बीच चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पकड़े गए 546 लोगों में सबसे ज्यादा 248 बेवड़े सिटी जोन में पकड़ गए। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि सभी को हिरासत में लेकर हवालात पहुंचाया गया और मेडिकल परीक्षण कराते हुए 34 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया। सिटी जोन में सबसे अधिक नंदग्राम थानाक्षेत्र में 64, नगर कोतवाली में 24, विजयनगर में 52, सिहानीगेट में 35, कविनगर में 20 और मधुबन बापूधाम क्षेत्र में 53 लोगों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े गए। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि शुक्रवार देर शाम चलाए गए पुलिस के विशेष अभियान में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते कुल 107 लोग पकड़े गए।

इंदिरापुरम थाना पुलिस ने 15, कौशांबी थाना पुलिस ने 19, खोड़ा थाना पुलिस ने नौ, साहिबाबाद थाना पुलिस ने 16, लिंक रोड थाना पुलिस ने 26, शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने पांच और टीला मोड़ थाना पुलिस ने 17 लोगों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़कर सलाखों के पीछे पहुंचाया।

# मुख्य प्रधान डाकघर में रोजाना 50 से अधिक बनाए जा रहे आधार कार्ड

**गाजियाबाद।** नवयुग मार्केट स्थित मुख्य प्रधान डाक घर में आधार बनाने के साथ अपडेट कराने वालों की भी संख्या बढ़ रही है। डाक घर में पिछले कुछ दिनों से रोजाना 50 से अधिक नए आधार बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में लोग आधार में अपडेट कराने के लिए भी आ रहे हैं। नवयुग मार्केट स्थित मुख्य डाक घर शहर के अतिव्यस्त डाक घरों में आता है। इस डाक घर में रोजाना बड़ी संख्या में लोग आधार कार्ड बनाने के लिए आते हैं। इसके अलावा डाक घर में विभाग द्वारा संचालित कई कल्याणकारी योजनाओं में खाता खुलवाने के लिए भी आते हैं। मुख्य प्रधान डाक घर के सीनियर पोस्ट मास्टर मनीष कुमार सिंह ने बताया कि डाक घर में छोटे बच्चों के बाल आधार से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाया जाता है। इसके अलावा यहां आधार में अपडेट कराने की भी सुविधा है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से डाक घर में आधार बनाने वालों की संख्या बढ़ी है। रोजाना 50 से अधिक आधार बनाए जा रहे हैं।

# अच्छे डॉक्टर जो विदेश ना जाकर देश में सेवा कर रहा है, वह सच्चा राष्ट्रभक्त है, स्वामी चक्रपाणि महाराजसी.आर.एच का दूसरा स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** (17 जनवरी) जिला गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी एक अनूठी पहचान बनाए हुए ग्रेटर नोएडा ठल्र 35, चाई 3, स्थित सी.आर. एच नाक, कान, गला अस्पताल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर ने 17 जनवरी को अपना दूसरा स्थापना दिवस खूब हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारत हिंदू महासभा एवं संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने चिकित्सा के क्षेत्र में सी आर एच को नई ऊंचाइयां छूने पर बधाई दी और इसी तरह आगे कार्य करने का आशीर्वाद दिया। स्वामी जी ने सभा का संबोधन करते हुए सभी को प्रोत्साहित किया और मरीजों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर और अग्रसर रहने के लिए कहा, स्वामी जी ने एम्स के गोल्ड मेडलिस्ट डॉ रचना गर्ग और एम्स के गोल्ड मेडल लिस्ट डॉक्टर हरप्रीत सिंह कोचर की प्रशंसा करते हुए कहा की इन दोनों लोगों को विदेश जाने का ऑफर था लेकिन उन्होंने अमेरिका जैसे देश की सुख सुविधाओं को त्याग कर देश की सेवा का संकल्प लिया और आज उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर सी आर एच के माध्यम से जो सेवा दे रहे हैं इससे बड़ा पुण्य कुछ नहीं हो सकता उन्होंने कहा कि कोरोना कल में भी इनकी सेवाएं और त्याग इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, स्वामी जी ने आगे कहा कि बड़े संस्थानों से अच्छे डॉक्टर विदेश की सुख सुविधाओं को छोड़कर जो देश की सेवा कर रहा है वह सच्चा राष्ट्रभक्त है हमारे देश में अच्छी चिकित्सा की आवश्यकता है यह तभी संभव है जब अच्छे डॉक्टर विदेश ना जाकर देश की सेवा करें, सी आर एच के निदेशक और रेडियोलॉजिस्ट डॉ रचना गर्ग ने अपने सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया और मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी। सी आर एच निदेशक एवं नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ हरप्रीत कोचर ने सभी को हर कार्य में परमात्मा को साक्षी मानकर काम करते हुए मरीजों की सेवा करने को कहा। इस अवसर पर सी.आर.एच का दीप जलाकर केक भी काटा गया, साथ ही वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेंद्र बंसल, डॉ विकास सेंगर, डॉ विनय शुक्ला, डॉ रविन्द्र, एवं डॉ कुलविंदर का सम्मान किया गया। हॉस्पिटल के सदस्यों संतोष कुमार, रणविजय सिंह, आयुष मिश्रा, नाजिया खान, रानी देवी, दिनेश, अमित मिश्रा, मनीष कुमार, मनीष नागर, मोनालिशा, राहुल, छोटन कुमार, किशन चंद जी, मनोज सिन्हा जी, वन्दना चौहान, रोहित नागर, नरेन्द्र जी, सुमित कुमार, हुकुम सिंह